


## हाथापाई के दौरान नाली में गिरकर युवक घायल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** दो युवकों में विवाद हो गया। हाथापाई में नाली में जा गिरे एक युवक को गंभीर चोटे आई। मोहम्मदपुर खाला के सरवां गांव निवासी धर्मेंद्र गौतम और इलियास उर्फ कल्लू 14 जून को दोनों ने पार्टी की उसके बाद दोनों में विवाद हो गया। हाथापाई के बीच इलियास ने धर्मेंद्र को धक्का दे दिया। जिससे वह नाली में जा गिरा।

# दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन की मौत

## जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए हादसे, हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल




कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घटनाओं से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

जानकारी के अनुसार, सतरिख थाना क्षेत्र के संदौली उमरपुर गांव निवासिनी दुलारी (70) रविवार सुबह अपने पुराने घर से नए घर जा रही थी। रेलवे लाइन पार करते समय लखनऊ की ओर जा रही कृषक एक्सप्रेस की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर, फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र विनोद कुमार शनिवार देर रात रीवां सीवां से बाइक से सामान लेकर लौट रहे थे। रास्ते में सरसवां के पास सामने से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए फतेहपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। विनोद अपने चार बहनों में इकलौते भाई थे।

इसी थाना क्षेत्र के धोधियानी बिलौली महाराज निवासी राजलाल (40) को किसी अज्ञात वाहन ने जगसेंडा के पास टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के जासेपुर निवासी उत्तम सिंह अपने साथी हर्ष सिंह के साथ बाइक से लखनऊ गए थे। लौटते समय लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर लोनीकटरा थाना अंतर्गत त्रिवेदीगंज चौराहे पर कार ने टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। त्रिवेदीगंज सीएचसी से उत्तम सिंह को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### विभिन्न स्थानों पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो की मौत

**देवा/जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक किशोर व एक बालक की मौत हो गयी। पहली घटना जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छोटा मुरलीगंज की है। रविवार सुबह अशोक कुमार का 13 वर्षीय बेटा आशीष खेत पर गया था, जहां वह चलते ट्रैक्टर पर पीछे से चढ़ने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर के ब्लेड की चपेट में आ गया। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते, तब तक किशोर की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना देवा थाना क्षेत्र के बगिया मजरे दाउदपुर की है। शनिवार को रामकिशोर का पांच वर्षीय बेटा सूर्यांश घर के पास खेत के किनारे खेल रहा था। उसी समय गांव का ही नाबालिग किशोर ट्रैक्टर ट्रॉली में मेंथा लादकर खेत की ओर जा रहा था। ट्रॉली मोड़ते समय संतुलन बिगड़ गया और सूर्यांश ट्रॉली के पिछले पहिये की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दबंग ने किया महिला से दुराचार का प्रयास

संवाददाता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**मनमानी**

- घटना के समय घर में अकेली थी पीड़िता
- बात न मानने पर उसकी बच्ची को जान से मारने की दी धमकी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ गांव के ही एक दबंग युवक ने घर में घुसकर छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। यही नहीं, उसने दो माह की उसकी बच्ची को जान से मारने की धमकी देते हुए अमानवीय हरकत भी की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गयी है।

एक गांव की रहने वाली महिला का कहना है कि उसके पति सूरत में मजदूरी करते हैं। उसके सास-ससुर 10 जून को किसी काम से गए थे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शाम करीब 6 बजे के बीच जब वह अपने घर में अकेली थी। उस समय गांव का ही अभिनव वर्मा नामक युवक उसके घर में घुस आया और महिला को अकेला पाकर जबरन पकड़ लिया। विरोध करने पर युवक ने महिला का मुंह दबा दिया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के अनुसार जब वह किसी तरह खुद को छुड़ाकर भागने लगी, तो आरोपी ने उसकी दो माह की बच्ची को उल्टा पकड़ लिया और सिल पर पटकने की धमकी दी। धमकी देते हुए आरोपी ने कहा कि उसका कहना नहीं माना तो वह बच्ची को मार डालेगा। इसके बाद आरोपी ने महिला के साथ अमानवीय हरकत की और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी पीड़िता ने अपने ससुर को दी, जिन्होंने तुरंत वापस आकर कोतवाली में तहरीर दी। महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस संबंध में कोतवाल अंकित त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले में पीड़िता की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## झुलसे किशोर की इलाज के दौरान मौत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मेंथा की पेराई के दौरान टंकी फटने से गंभीर रूप से झुलसे किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना बदोसराय क्षेत्र के मोहरिया गांव निवासी वीरेंद्र कुमार वर्मा बीते मंगलवार की रात अपने खेत पर मेंथा की पेराई कर रहे थे। रात लगभग 9 बजे उनका बड़ा बेटा शिवा वर्मा (17) टंकी के पास बैठा था। तभी अचानक टंकी का निचला हिस्सा फट गया। गर्म भाप और आग की चपेट में आने से शिवा गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे संयुक्त चिकित्सालय ले गये। शिवा को केजीएमयू रेफर किया गया। पांच दिनों तक जीवन-मौत से जूझने के बाद रविवार सुबह उसकी मौत हो गई।

# 1.70 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


गिरफ्तार तस्कर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स थाना पुलिस ने शनिवार रात एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 864 ग्राम हेरोइन बरामद की। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ 70 लाख रुपये बताई जा रही। तस्कर के पास से एक बाइक भी बरामद की गई है।

यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशनल यूनिट लखनऊ के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान साद निवासी ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर के रूप में हुई है। उसे दारापुर मोड़, लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर 14 जून की रात करीब 10:50 बजे गिरफ्तार किया गया। साद ने बताया कि वह टिकरा उस्मा निवासी तुफैल से हेरोइन लेकर आया था और किसी व्यक्ति को बेचने जा रहा था।

### सरकार की योजनाओं से लोगों का जीवन स्तर सुधरा


कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत। अमृत विचार

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सिद्धौर व मण्डल हरख में रविवार को 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। सिद्धौर ब्लाक सभागार और हरख के ग्रामीण बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में हुए कार्यक्रमों का शुभारंभ पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने किया। सभा में उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्ष भारत के भविष्य के लिए मजबूत नींव रखने वाले साबित हुए हैं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की चर्चा करते हुए बताया कि इनसे आमजन का जीवन स्तर ऊपर उठा है। इस अवसर पर मंच पर जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, मनोज कुमार वर्मा 'कक्का', किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष आशुतोष अवस्थी, भाजपा नेता नवीन सिंह राठौर, शिव स्वामी वर्मा (जिला संयोजक, श्रम प्रकोष्ठ), मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह सिसोदिया, ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, नगर पंचायत सिद्धौर की अध्यक्ष रमंता रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह, अरुण वर्मा, शिव शंकर वर्मा, संजय अवस्थी, प्रधान संघ अध्यक्ष सत्यनाम सिंह वर्मा आदि मौजूद रहे।

## मां की दवा लेने गए किशोर को पीटा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बीमार मां के लिए दवा लेने जा रहे एक किशोर के साथ कुछ दबंगों ने मारपीट की। चारों हमलावर एक बाइक पर सवार थे। घायल युवक का इलाज सीएचसी में चल रहा। मालिनपुर निवासी अभिषेक साहू शनिवार रात करीब 8:30 बजे अपनी मां की दवा लेने ई-रिक्शा से हैदरगढ़ जा रहा था। जब वह दौलतपुर के पास पहुंचा, तभी एक बाइक पर सवार चार युवकों ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। लेकिन आस-पास लोग इकट्ठा होते देख दबंग भाग निकले। वापसी में जब अभिषेक कोरिया नाला पुल के पास पहुंचा, बाइक सवार युवकों ने उसे रोका और लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी।

# महिला पंचायत सहायक से बदसलूकी

संवाददाता, टिकैतनगर, बाराबंकी

**आक्रोश**

- समर्थन में आए सहयोगी, प्रधान समर्थक पर मुकदमा

**अमृत विचार :** ब्लॉक पूरेडलई की ग्राम पंचायत पंसारा में महिला पंचायत सहायक से अभद्रता, धमकी और पंचायत भवन की चाबी जबरन मांगने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। रविवार को ब्लॉक के दर्जनों पंचायत सहायकों ने एकजुट होकर टिकैतनगर थाने में आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने प्रधान समर्थक राजेश यादव के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पंचायत सहायक रीना धीमान ने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम प्रधान के करीबी राजेश यादव पंचायत के कार्यों में लगातार हस्तक्षेप कर रहे हैं और फर्जी भुगतान कराने का दबाव बना रहे। रीना का कहना है कि राजेश यादव पंचायत भवन में रखा कंप्यूटर और अन्य सामग्री भी अपने घर ले जाते हैं, जिससे पंचायत के कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। घटना शुक्रवार रात की है, जब राजेश यादव ने रीना को फोन कर पंचायत भवन की चाबी मांगी। इनकार करने पर उन्होंने रीना के पति को फोन कर गाली-गलौज और धमकी दी। इस प्रकरण से जुड़ा एक ऑडियो क्लिप भी सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें धमकी भरी भाषा का प्रयोग किया गया है। रविवार को पंचायत सहायक रीना के समर्थन में ब्लॉक के अन्य पंचायत सहायक जैसे दृग पाल, संदीप कुमार, ललित कुमार, सरल रावत, सियाललीं, संगीता, पूजा गुप्ता, जय भारती, शैली शर्मा, साधना मौर्या, अंकित, ललित राम समेत दर्जनों कर्मचारी टिकैतनगर थाने पहुंचे और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि पंचायतों में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा और सम्मान मिलना जरूरी है। इस संबंध में टिकैतनगर कोतवाल रत्नेश पांडेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर प्रधान समर्थक राजेश यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

# बीते 11 वर्षों में देश में हुआ भरपूर विकास

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।



कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** केंद्र में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत महमूदाबाद में रविवार को विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में भाग लिया।

राज्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबी, भ्रष्टाचार और जातिवाद जैसी समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटने का काम किया है। राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। साथ ही बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं। सभा के अंत में उपस्थित जनसमूह ने विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, पुष्पेंद्र शुक्ला अंशु, अनिल वर्मा, विकेश वर्मा, चंद्रभान रावत, प्रदीप द्विवेदी, लवलेश पंडित, लवकुश वर्मा, अमित वर्मा, ललित वर्मा, सूरज लाल यादव, नीलू वर्मा, शैलेंद्र शुक्ला, अनिल वर्मा गुड्डू सहित कई गणमान्य व्यक्ति व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## शिविर में बुजुर्गों को बताये अधिकार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर तहसील नवाबगंज स्थित मातृ-पितृ सदन में शनिवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी के सचिव कृष्ण चन्द्र सिंह ने की। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 की जानकारी दी। प्राधिकरण की सेवाओं और नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी वृद्धजनों को दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किसान समेत दो की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रविवार को अलग-अलग स्थानों पर काम के दौरान किसान व एक ईंट भट्ठा मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

टिकैतनगर प्रतिनिधि के अनुसार, पहली घटना दरियाबाद क्षेत्र के फूटहागंज की है, जहां एक किसान खेत में मेंथा की टंकी पर काम कर रहा था। इस दौरान उसे अचानक सीने में तेज दर्द हुआ। परिजन पास के निजी अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत में उसे सीएचसी टिकैतनगर रेफर किया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में कोतवाल दरियाबाद मनोज सोनकर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत प्राकृतिक लग रही है।

दूसरी घटना सतरिख थाना क्षेत्र के जुग्गौर स्थित भूषण ब्रिक फील्ड की है। जैदपुर थाना क्षेत्र के फतुल्लापुर निवासी आलोक (27) ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई। साथी मजदूरों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आलोक के परिजनों ने भट्ठा मालिक शशि भूषण और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

**कार्यक्रम** जीआईसी ऑडिटोरियम में दीप प्रज्ज्वलित कर एमएलसी योग सप्ताह का किया शुभारंभ, निकाली गयी योग रैली

# योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन का अहम हिस्सा : अंगद सिंह

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


दीप जलाकर योग सप्ताह का शुभारंभ करते एमएलसी अंगद सिंह।

**अमृत विचार :** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को योग सप्ताह का शुभारंभ जीआईसी ऑडिटोरियम में हुआ। मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयुष, होम्योपैथी, यूनानी विभाग के अधिकारियों, चिकित्सा कर्मियों और योग प्रेमियों द्वारा योग जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे परियोजना निदेशक राकेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली के समापन पर गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें एमएलसी अंगद कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ. अवधेश वर्मा, प्रशिक्षु आईएएस व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस कृष्णा कुमार सिंह, डीआरडीए परियोजना निदेशक राकेश कुमार सिंह, जेबीएस संस्थान की प्रबंधक पूनम सिंह, क्षेत्रीय आयुष एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वीनम यादव, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. अर्चना श्रीवास्तव व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश चंद्रा ने दीप प्रज्वलन कर महर्षि धन्वंतरि और महर्षि पतंजलि को पुष्प अर्पित किए।

मुख्य अतिथि अंगद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल व्यायाम, नहीं बल्कि जीवन का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योग को अपनाकर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाया है और देश को नई दिशा दी है। प्रशिक्षु आईएएस तेजस कृष्णा ने नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया, वहीं परियोजना निदेशक राकेश कुमार सिंह ने छात्र जीवन में योग से मिली इम्युनिटी का अनुभव साझा किया और एक धरती, एक स्वास्थ्य की थीम को सार्थक बताया।

कार्यक्रम में डॉ. डीके चौहान, डॉ. किरण, डॉ. राजेश गौतम सहित कई गणमान्य वक्ताओं ने विचार रखे। संचालन योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में आयुर्वेद, यूनानी व होम्योपैथी विभाग के कर्मचारी, समाजसेवी रत्नेश कुमार, राम औतार, अमरेश बहादुर, सत्यप्रकाश पाठक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में कमल किशोर व स्वीटी मौर्य द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया। क्षेत्रीय आयुष एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वीनम यादव ने अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने की अपील की। वहीं डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने योग और पर्यावरण संरक्षण के बीच गहरा संबंध बताया।

## रिटायर शिक्षक के निधन से शोक की लहर

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर से सेवानिवृत्त आर्ट शिक्षक श्याम मनोहर गुप्ता के निधन की खबर से कस्बे और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन हेतु रविवार देर शाम से ही कस्बा स्थित आवास पर लोगों का तांता लगा रहा।

रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें रामनगर सीएचसी ले गए, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताकर लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। लखनऊ से जब उनका पार्थिव शरीर आवास लाया गया तो बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन को पहुंचे।

## सार-संक्षेप

### लखनऊ में चयनित अभ्यर्थियों को दिए गए नियुक्ति पत्र


अभ्यर्थियों को बस से लखनऊ रवाना किया गया। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 में सफल अभ्यर्थियों को रविवार सुबह राजधानी के लिए रवाना किया गया। इसके लिए वाहनों का इंतजाम किया गया था। राजधानी में गृहमंत्री व मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र वितरित किया। बताते चलें कि शनिवार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइंस ग्राउंड में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के संबंध में विस्तार से ब्रीफिंग दी गई। इस अवसर पर करीब 1200 सफल अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जिन्हें रविवार को लखनऊ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बाराबंकी से चयनित अभ्यर्थियों को विशेष बसों के माध्यम से लखनऊ रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक ने चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पुलिस सेवा के दायित्वों, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता के महत्व पर बल दिया।

### नागेश्वर व एकता क्लब के बीच फानइल मैच आज

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** पेचरूवा प्रीमियर लीग में रविवार को हुए दो सेमीफाइनल मुकाबलों में नागेश्वर क्लब व एकता क्लब की टीमें विजयी रही। सोमवार को दो बजे से पीपीएल का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। रविवार को प्रतियोगिता का पहला सेमीफ़ाइनल नागेश्वर और ऑपरेशन सिंदूर के मध्य खेला गया। टास जीतकर आपरेशन सिंदूर ने गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नागेश्वर टीम ने निर्धारित बारह ओवर में 139 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में आपरेशन सिंदूर की टीम निर्धारित बारह ओवर में मात्र 134 रन ही बना पायी। इस तरह सेमीफाइनल का पहला मुकाबला 5 रन से जीतकर नागेश्वर टीम ने फ़ाइनल में जगह बना ली। ग्यारह रन देकर तीन विकेट लेने वाले मैन आफ द मैच नागेश्वर टीम के खिलाड़ी हिमांशु अवस्थी को मुख्य अतिथि भाजपा नेता पंकज दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, भाजपा नेता वेद बाजपेयी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य धीरज यादव ने संयुक्त रूप से देकर सम्मानित किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एकता क्रिकेट क्लब और हजारीगंज क्रिकेट क्लब टीम के मध्य हुआ। टास हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरे एकता क्रिकेट क्लब ने जीत के लिए 204 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी हजारीगंज टीम ने 87 रन बनाकर हार स्वीकार कर ली। कांग्रेसी नेता राजकुमार सिंह, दिनेश शुक्ला, डिम्पल सिंह, रोहित त्रिवेदी, जतिन चौधरी, पंकज यादव द्वारा मैन आफ़ द मैच पुरस्कार गोरे लाल को दिया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सोनू सिंह, पारुल अवस्थी, सुरेश अवस्थी, अंकित शुक्ला, मोनू सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### पुरुष वेश में धरी गई किशोरी के घर आयी युवती

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ क्षेत्र में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक युवती ने खुद को पुरुष बताकर बीते दो वर्षों से एक किशोरी को प्रेमजाल में फंसा लिया। रविवार को जब वह युवक के वेश में शादी की बात करने किशोरी के घर पहुंची, तो परिजनों और मोहल्लेवासियों को शक हो गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह एक युवती है। आरोपी युवती ने दो वर्ष पूर्व किशोरी से मोबाइल फोन के माध्यम से दोस्ती की थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला बढ़ा और यह दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। युवती ने खुद को लड़का बताकर शादी का झांसा दिया और विश्वास हासिल किया। रविवार को युवती मोटरसाइकिल से युवक के भेष में किशोरी के घर पहुंची और शादी की बात करने लगी। परिजनों ने जब नाम और पते की जानकारी मांगी तो वह सही जवाब नहीं दे पाई। शक गहराने पर मोहल्लेवासियों ने मिलकर सख्ती से पूछताछ की तो सच्चाई सामने आ गई। ग्रामीणों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी युवती से पूछताछ जारी है।

### कब्रिस्तान के सामने शराब की दुकान खोलने पर हंगामा


शराब की दुकान पर हंगामा करते लोग। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** बांसा-सफदरगंज मार्ग स्थित ग्राम चक मजरे रहरामऊ में देशी शराब की दुकान का स्थान बदलकर कब्रिस्तान के सामने खोले जाने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। रविवार को ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दुकान के शटर को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्राम चक में करीब 20 वर्षों से मास्टर योगेंद्र वर्मा की मार्केट में अनुज्ञापी अभिनाश जयसवाल की देशी शराब की दुकान संचालित हो रही थी लेकिन दुकान को गांव के दूसरे छोर पर स्थानांतरित कर दिया गया, जो कब्रिस्तान के सामने स्थित है। रविवार को जैसे ही नई जगह दुकान खोली गई, ग्रामीणों ने इसका कड़ा विरोध किया और सड़क पर बैठकर घंटों जाम लगाया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह और आबकारी निरीक्षक राम श्याम त्रिपाठी ने हालात को संभालते हुए अनुज्ञापी को निर्देशित किया कि जब तक सभी ग्रामीणों की सहमति नहीं बन जाती, तब तक दुकान पहले की तरह योगेंद्र वर्मा की मार्केट में ही संचालित की जाए। ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर जिलाधिकारी को हस्ताक्षरयुक्त शिकायती पत्र भी सौंपा है। इस दौरान राहुल गुप्ता, दुर्गेश, साबिर, अबुल हसन, कुरैशा, रजिया बानो, अजीमुद्दीन, सलिहा खातून, अलीम, कमरुल निशा, मोहम्मद आलम आदि मौजूद रहे।

### ससुराल में विवाहिता का गला दबाकर मारने की कोशिश

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर की रहने वाली एक महिला ससुराल में लगातार उत्पीड़न का शिकार होती रही। ससुरालियों ने मायका पक्ष से साफ कहा कि वह विवाहिता को न ले गए तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। मायके पहुंची विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा बारादरी की रहने वाली फातिमा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि उसका निकाह 2017 में सद्दाम अहमद पुत्र राजू उर्फ इब्राहीम निवासी ग्राम समेसी कंचनखेड़ा थाना नगराम लखनऊ से हुआ था। तहरीर में कहा गया है कि पति सऊदी अरब में रहकर कमाई अपने माता-पिता को देता रहा, जबकि वह और बच्चे तंगी में जीवन बिताते रहे। ससुराल वालों द्वारा बार-बार मारपीट, गाली-गलौज व दवा-इलाज तक से वंचित किया जाता रहा। बताया कि 30 मई को जब उसने पति से तेज आंधी में छत पर सामान हटाने में मदद मांगी तो सद्दाम अहमद ने मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर सास, ससुर, ननद व देवर ने मिलकर उसे घर से खींचकर बाहर निकाला और ह पीटा। सास ने उसकी गर्दन दबाकर जान से मारने की कोशिश की और उसके मायके फोन कर धमकी दी कि यदि उसे न ले गए तो हत्या कर देंगे। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे घायल अवस्था में ससुराल से लेकर आए। इस दौरान ससुराल वालों ने उसके गहने जबरन छीन लिए।

### शिक्षामित्रों को मिला स्थानांतरण का तोहफ़ा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षामित्रों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। सहायक अध्यापक पद से समायोजन निरस्त होने के बाद लंबे समय से मूल विद्यालय वापसी की मांग कर रहे शिक्षामित्रों को आखिरकार स्थानांतरण, समायोजन की सौगात मिल गई है। शासन द्वारा जारी नए आदेश के अनुसार पुरुष शिक्षामित्रों को उनके मूल विद्यालय तथा विवाहित महिला शिक्षामित्रों को उनके ससुराल के समीप स्थित विद्यालयों में स्थानांतरण की अनुमति मिल गई है। आदर्श समायोजित शिक्षक-शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शिवनारायण वर्मा ने बताया कि वर्ष 2018 में समायोजन निरस्त होने के बाद शिक्षामित्रों को पुनः 10,000 रुपये मानदेय पर मूल पद पर कार्य करने का आदेश दिया गया था। लेकिन पद रिक्त न होने के कारण पुरुष शिक्षामित्र अपने मूल विद्यालय नहीं लौट पाए थे। इस क्रम में जिला महामंत्री सुरेंद्रनाथ मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष संदीप सिंह, रवींद्र तिवारी, राकेश यादव, मो. अनस, अखिलेश पाण्डेय, व्रजेश सिंह, जगत नारायण, रामसरन वर्मा, अखिलेश वर्मा, अंजू सिंह, रेखा सिंह, जगदेव सिंह सहित दर्जनों शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया है और शीघ्र ही मानदेय में वृद्धि की मांग की है।

# बारिश ने दिलायी उमसभरी गर्मी से राहत

## शनिवार देर रात से शुरू हुई बारिश रविवार की सुबह तक जारी रही, कई स्थानों पर बाधित रही बिजली

**मानसून की आहट**

**अमृत विचार टीम, सीतापुर**

**अमृत विचार :** शनिवार देर रात शुरू हुई बारिश का क्रम सुबह तक चला। बारिश की बूंदों ने तापमान में गिरावट लाकर सभी को राहत दी। आमजन के साथ फसलों को भी राहत मिली। हालांकि रविवार सुबह होने पर धूप निकली लेकिन तेज हवाओं ने तापमान में गिरावट दर्ज कराई, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिन में मौसम में आंशिक राहत मिलने की संभावना है।

सुबह से चल रही हवाओं के लोगों ने आसानी से अपने काम निपटाए। बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्र रामपुर मथुरा में तेज बारिश ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी।

बारिश से गन्ने की सूखती फसल को नई जान मिली। खेत और तालाब पानी से लबालब भरे हुए मिले। किसान राजकुमार, रामसागर, अंबर, रमेश, रजनीकांत आदि ने बारिश को फसलों के लिए लाभकारी बताया है। उधर, मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, आने वाले दिन में मौसम में हल्की राहत की उम्मीद है।


पावर हाउस पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**4 डिग्री गिरा तापमान :** बारिश से पहले जनपद का तापमान 42 डिग्री पार कर गया था। बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। 38 डिग्री तापमान के बीच चलती हवाओं ने आमजन को राहत दी है।

**विद्युत आपूर्ति रही बाधित :** रात में हुई बारिश के बाद रामपुर मथुरा के कुछ हिस्सों में विद्युत आपूर्ति में बाधा आई, जो दोपहर तक बनी रही।

मछरेहटा, संदना, गोंदलामऊ, खैराबाद ग्रामीण सहित कई अन्य हिस्सों में विद्युत आपूर्ति सुचारु नहीं रह सकी।

### आपूर्ति बाधित होने पर ग्रामीणों ने घेरा पावर हाउस

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। ग्रामीणों ने रात जागकर काटी। ग्रामीणों ने बिसवां पावर हाउस का घेराव किया। ग्रामीण रिंकू, मोहित, अतीक, हफीज, शोभित आदि ने बताया कि ग्राम राजाकरनाई में एक सप्ताह से ट्रांसफॉर्मर खराब है। जिसके कारण ग्रामीण बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। उमस भरी गर्मी में बिजली न होने से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। उधर, बढ़ते आक्रोश के बीच उप खंड अधिकारी विशाल शर्मा ने लोगों को शांत कराया। उन्होंने बताया कि जल्द ही ट्रांसफर बदल दिया जायेगा।

**एक नजर**

### दबंगों ने घर से बाहर घसीटकर गर्भवती को पीटा

**थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार :** थानगांव थानाक्षेत्र के राजापुर इसरौली गांव में दबंगों ने घर में घुसकर गर्भवती महिला की पिटाई कर दी। पीड़िता रिंकी के मुताबिक, घर पर उसने अपनी पुत्री से पानी मांगा और देर होने पर उसे डांट दिया। पड़ोसी ने समझा कि महिला उनकी दिव्यांग मां को सुनाकर बोल रही है। इसी बात को लेकर तीन लोगों ने महिला के साथ गाली- गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि गर्भवती द्वारा विरोध करने पर विपक्षियों ने महिला को उसके घर से घसीटकर लाठी-डंडों से पीटा। थानाध्यक्ष अतुल शुक्ला का कहना है कि कार्रवाई की जा रही है।

### विपक्षियों ने किसान पर किया जानलेवा हमला

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** सकरन इलाके के मुन्नूपुरवा विपक्षियों ने लाठी-डण्डों से किसान पर जानलेवा हमला कर दिया। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मुन्नूपुरवा निवासी सूरज घर से कहीं जा रहा था। रास्ते में विपक्षियों ने उस पर हमला कर दिया। थाना प्रभारी नवनीत मिश्र का कहना है कि घायल मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है, रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरों ने घर में घुसकर दो लाख का माल समेटा

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** मोहनपुरवा मजरे सोहरिया में एक घर से शनिवार की रात चोर करीब दो लाख का माल समेट ले गए। पवन कुमार ने एक प्रार्थना पत्र स्थानीय थाने में देकर बताया है कि देर रात अज्ञात चोरों उसके घर में घुस आए। गृहस्वामी और परिवार के लोगों की उपस्थिति में घर का सामान नगदी सहित दो लाख रुपए का सामान चुरा लिया। प्रभारी निरीक्षक कृष्ण नंदन तिवारी ने बताया कि जांच की जा रही है, निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### बाग मालिक पर लगाया पिता की हत्या का आरोप

**मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार :** लोधौरा में डिघिया गांव वासी ग्रामीण के मिले शव के मामले में परिजनों ने बाग मालिक और उसके साथी पर हत्या का आरोप लगाया। इंगामे के बीच अंतिम संस्कार में बाधा आई, पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति सामान्य हो सकी। डिघिया गांव वासी नंदलाल (55) का शव बाग के पास झाड़ियों में मिला था। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया। पुत्र अंकित ने आरोप लगाया कि विपक्षी बाग मालिक खलील और बबलू ने मारपीट कर उसके पिता की हत्या की है। पुलिस आरोपों के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है।

# मेंथा ऑयल की टंकी फटी, 3 घायल

**संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर**

**अमृत विचार :** पेराई के दौरान मेंथा ऑयल की टंकी अचानक साथ फट गई। हादसे में महिला, उसका पति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

गोधौरा गांव के बाहर मेंथा ऑयल की टंकी लगी थी। दिन में टंकी में पेराई का कार्य किया जा रहा था। गांव के लोग भी मौजूद थे। कार्य के दौरान मेंथा ऑयल टंकी तेज धमाके के साथ फट गई। मेंथा ऑयल की चपेट में सुनील (32), उसकी पत्नी कांती (30) और राम सिंह (38) पुत्र नैपाल आ गए। तीनों घायलों को


पेराई के दौरान फटी मेंथा आयल की टंकी। अमृत विचार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद ले जाया गया। जहां से दंपति सहित तीनों घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

**चार दिन पहले भी हो चुका है हादसा :** महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम सेमरी के कटरा गांव में चार दिन पहले भी हादसा हो चुका है। गांव में लगी मेंथा ऑयल टंकी फटने से निवासी मुन्नी (60) पत्नी मुन्ना की मौत हो गई थी। वहीं हादसे में मुन्नी का बेटा रब्बानी, संदीप और वीरेंद्र गंभीर रूप से झुलस गए थे। इसी कड़ी में मितौरा गांव में गया प्रसाद वर्मा और प्रमोद मेंथा की टंकी मे पेराई करते समय झुलस चुके हैं।

# वाहन रोककर लूट करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत सफलता हाथ लगी। थाना हरगांव पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है।


हरगांव पुलिस की गिरफ्त में लुटेरे।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आशीष कुमार निवासी मुंशीगंज थाना कोतवाली नगर तथा रोहित गेहार निवासी मिरदही टोला थाना कोतवाली नगर शामिल हैं। दोनों को कल्लापुर मोड़ के पास से पकड़ा गया। सीओ सदर दिनेश शुक्ल ने बताया कि हरगांव पुलिस ने इनके कब्जे से लूट में प्रयुक्त मोबाइल फोन, 1600 रुपये नकद, एक देसी तमंचा और दो कारतूस बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने लगभग एक माह पूर्व रात करीब 11 बजे गदनापुर गांव के पास सड़क किनारे एक पिकअप वाहन को रोककर ड्राइवर से नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया था।

## दबंगों ने महिलाओं से की मारपीट

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार:** मामूली विवाद में घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। टेड़वा कला गांव में हुई वारदात को लेकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

कोतवाली बिसवां इलाके के ग्राम रणा मजरा टेड़वा कला निवासी किस्मतुन पत्नी मैसर ने कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि मोनिस की बहन मुस्कान उसके घर आ गई। इसको लेकर आरोपी राजन, मोनिस और शमशाद एकराय होकर आए और कहने लगे कि मेरी बहन को अपने घर क्यों रोक लिया है। एकराय होकर आरोपियों ने उसे एवं रुकसाना को घर में घुसकर लाठी डंडे व लात घूसों से पीटा।

# पुलिया से टकरायी कार, 2 घायल

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर**

**अमृत विचार:** बिसवां मार्ग पर खानपुर सादात के निकट एक अनियंत्रित कार पुलिया से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो लोग घयल हो गये। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के बिसवां की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर कोतवाली क्षेत्र के खानपुर सादात के निकट लहरपुर-बिसवां मार्ग पर बनी पुलिया से टकरा गई। जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बताते हैं कि इस कार में चिंटू (27), विवेक कुमार (40) पुत्रगण उमेश सिंह निवासी बेहमलपुरवा जनपद पटना, बिहार सवार थे। जो उत्तराखण्ड के बाबा नीम करौली दर्शन करने जा रहे थे। दुर्घटना के समय कार के एयर बैग खुल जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


हादसे के बाद पुलिया पर लटकी क्षतिग्रस्त कार और मौके पर मौजूद लोग।

**हादसा**

▸▸ बिहार के पटना निवासी सगे भाई जा रहे थे बाबा नीम करौली धाम

## जमीन पर किया जबरन कब्जा

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार:** मुकदमे में जीती जमीन पर हारे हुए विपक्षियों ने जबरन दीवार उठा कर टिन शेड डाल लिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर किया है।

शाहपुर निवासिनी रीना पत्नी रमाकांत ने आरोप लगाया है कि विपक्षी रामकुमार व विनोद ने उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। आरोप है कि अवैध रूप से निर्माण कर दीवार भी बना ली गई है। छप्पर व टीन शेड डालने पर विरोध किया गया तो जानमाल की धमकी दी जा रही है। रीना की तहरीर पर आरोपी रामकुमार एवं विनोद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**संवाददाता, कमलापुर, सीतापुर**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत हो गई। मंदिर निर्माण को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चले, जिसमें करीब दर्जनभर लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा और कुछ को हिरासत में लेकर इस मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

कमलापुर थाना क्षेत्र के गढ़ी करौंदी गांव में भज्जूबाबा स्थान के पास मंदिर निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह आबादी की जमीन है जिस पर गांव की सहमति से निर्माण हो रहा था। आरोप है कि राधेश्याम नामक व्यक्ति इस जमीन पर कब्जा करना चाहता है।

रविवार को वह परिजनों संग पहुंचा और निर्माण कार्य में बाधा डालते हुए खंभे गिरा दिए, जिससे विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों से राधेश्याम, पूनम, विशंभर, रामलोटन, रामसरन सहित करीब 12 लोग घायल हो गए। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया है, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## खलिहान पर कब्जे की एसडीएम से शिकायत

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में दबंगों द्वारा सरकारी तालाब और खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया। विरोध पर ग्रामीण से मारपीट की गई। पीड़ित ने एसडीएम से शिकायत की है।

पीड़ित आरिफ का दावा है कि गांव के कुछ लोगों ने मिलकर सरकारी तालाब और खलिहान की भूमि पर कब्जा कर लिया है। आरोप है कि कब्जे के बाद दबंगों ने ट्यूबवेल खोदवा दिया और पेड़ लगाकर रास्ता बंद कर दिया है। पीड़ित का कहना है कि अब वे खेतों में भी आसानी से नहीं जा पा रहे हैं। गांववासियों ने उपजिलाधिकारी बीके सिंह को शिकायती पत्र देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# सेहतमंद रहने को रोज करें योगाभ्यास

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार:** 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शृंखला में योग सप्ताह की शुरुआत सेक्रेड हार्ट हायर सेकेंड्री स्कूल में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विकास राज्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि व नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने अपने संबोधन में योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा योग जरूर करें। उन्होंने योग के महत्व पर अपने विचार भी साझा किए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को उत्सव की भांति मनाने का आह्वान किया। योग अभ्यास कार्यक्रम में पतंजलि योग संस्थान, गायत्री परिवार, ब्रह्मकुमारी, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष नीरज वर्मा, नीमा के जिलाध्यक्ष डॉ. यूसी दीक्षित, आयुष विभाग के चिकित्सक सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य सम्मिलित हुए। प्रशासन की ओर से एडीएम नीतीश कुमार सिंह, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. गीता, जिला आयुष कार्यक्रम प्रबंधक अम्बुज कुमार ने सहभागिता की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी उपस्थित रहे।


योग करते नगर विकास राज्यमंत्री व अन्य लोग। अमृत विचार

**कार्यक्रम** सरस्वती शिशु मंदिर में भाजपा ने किया मंडलस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# पिछले 11 वर्ष में मोदी सरकार ने किये ऐतिहासिक कार्य : सुनील

**संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर**

**अमृत विचार :** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर नगर भाजपा द्वारा मंडल स्तरीय कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल ने की।

पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने कहा कि 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किये हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, पूर्व जिला महामंत्री वीरेंद्र पुरी, देवेश अवस्थी, सूरज जायसवाल, कमल टंडन, मनोज गुप्ता, मनमोहन गुप्ता, प्रमोद बाजपेई, राम बाजपेई, वंशीधर पाठक, राजू तिवारी, आलोक जायसवाल, शिवम मिश्रा, विजेंद्र शुक्ला, मनीष शुक्ला, रमेश द्विवेदी, सत्यम शुक्ला, प्रदीप वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, उमंग शुक्ला, रंजीत वाल्मीकि, अजीत द्विवेदी, कैलाश द्विवेदी, शैलेन्द्र द्विवेदी, प्रमोद अवस्थी, कृष्णा कांत मिश्रा, धर्मेंद्र पांडेय, आशीष गौड़, रामजीवन राज, घनश्याम कन्नौजिया, बलराम जायसवाल, पंकज शर्मा, सुशील कश्यप, रचित जायसवाल, सुमित जायसवाल, निर्मल


कार्यक्रम मे शपथ दिलाते पूर्व विधायक सुनील वर्मा व अन्य पदाधिकारी।


कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला। अमृत विचार

### धार्मिक क्षेत्रों में हो रहा है अभूतपूर्व कार्य : राजेश

**सीतापुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प सभा का आयोजन महोली विधानसभा के अंतर्गत एलिया ब्लॉक में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। नीरज सिंह ने 1 मोदी सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि धर्म के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक नैमिष रत्न तिवारी द्वारा किया गया।

## महिला से छेड़छाड़ पति से मांगी रंगदारी

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** महिला के साथ छेड़छाड़ कर रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

एक मोहल्ला की विवाहिता का आरोप है कि अता, बाला, मानू, आरिफ ने उसके पति से लाखों रुपये की मांग करते हैं। पीड़िता का आरोप है कि 4 जून को आरोपियों ने उसके पति से रंगदारी मांगी। मना करने पर आरोपी उसके घर घुस आये और पीड़िता व उसकी ननद के बाल पकड़कर गालियां देते हुए छेड़छाड़ की और पीटा। प्रभारी निरीक्षक तेज प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

**सार-संक्षेप**

### यज्ञ से शुद्ध होता है वातावरण: पं. राधा मोहन


भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीला का मंचन करते कलाकार।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** धौरहरा में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा एवं संत सम्मेलन में श्री शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य पं. राधा मोहन अवस्थी ने यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यज्ञ सामूहिकता का प्रतीक है, यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और यज्ञ में मंत्रों के उच्चारण से उसका प्रभाव समस्त क्षेत्र पर पड़ता है। यज्ञ के धुएं से प्रदूषित वायु शुद्ध हो जाती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्री राम कथा में मानस व्यास पं. रामशरण मिश्रा ने श्री हनुमान चरित्र का सुंदर वर्णन किया। शनिवार रात्रि में कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भव्य मंचन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से यज्ञ यजमान उमेश दीक्षित, ऋषि राज, रमाशंकर, दिनेश शुक्ला, बराती लाल, विद्याधर मिश्र, शिवसागर मिश्रा, शिवपूजन अंकित दीक्षित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### किसानों को जागरूक किया जाना जरूरी : पंकज


मनोनयन पत्र के साथ कार्यकारिणी के सदस्य। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राजवंशी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र प्रताप अर्कवंशी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी का विस्तार हुआ। इसमें जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारतीय, नगर अध्यक्ष दीपक भार्गव पज्जू, तहसील अध्यक्ष महोली कुलदीप अर्कवंशी, न्यायपंचायत सोनारी अध्यक्ष रामनरेश लोधी, ग्राम पंचायत सहादत नगर अध्यक्ष प्रताप अर्कवंशी का मनोनयन किया गया। पंकज भारतीय ने बताया कि कार्यकारिणी के विस्तार का उद्देश्य किसान मंच के सिद्धातों व समाज में किसान, मजदूरों और युवाओं के प्रति किये जा रहे कार्यों को किसानों तक पहुंचाने का है। नगर अध्यक्ष दीपक भार्गव पज्जू ने कहा कि क्षेत्र में अधिक आबादी का जुड़ाव गांव क्षेत्रों से ही है। जिनकी प्रमुख आमदनी का जरिया खेती-किसानी ही है। ऐसे में किसानों को जागरूक किया जाना अनिवार्य है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव शैलेन्द्र राज अनूप राजवंशी, रविन्द्र कुमार यादव, रवि कुमार गोवर्धन सिंह, आशाराम मौर्य रामलखन राठौर आदि संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

### नरम दिल और दानी थे हजरत उस्मान: मौलाना फैजान


जलसे को संबोधित करते मौलाना फैजान। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** मियांगंज स्थित नूरी मस्जिद मदरसा दारुल उलूम मोइनिया रहमानिया में इस्लाम के तीसरे खलीफा हजरत उसमान गनी रजी. के शहादत दिवस को यौमे उसमाने गनी के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित जलसे में मौलाना फैजान हुसैन कादरी ने बताया कि हजरत उसमान गनी इस्लाम के तीसरे खलीफा और नबी पाक के सबसे करीबी साथी एवं दूर के भांजे थे। उन्होंने इस्लाम को फैलाने में अहम भूमिका निभाई। वह बहुत ही नरम दिल और दानी थे। लोगों की मदद करना उनकी आदत थी। इससे पूर्व हाफिज जीशान बरकाती, शाहबाज वाहिदी, शहजादे रजा ने नात-ए- पाक पढ़ी। इस मौके पर मास्टर तबस्सुम हुसैन, अब्दुल अतीक खां, सय्यद हुसैन कादरी, मौलवी इस्माइल कादरी, हाफिज मेराज अकमल, मौलाना जीशान सकाफी, हस्सान रजा, इसरार अंसारी, हाफिज शोऐब, हाफिज अय्यूब आदि मौजूद रहे।

### प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुन भक्त भावविभोर

**मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** शतचंडी महायज्ञ में आचार्य मिथलेश महाराज बाबू द्वारिकानंद वृद्ध सेवा गौसेवा आश्रम नैमिष धाम द्वारा भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। वेद मंत्रों के साथ श्री शतचंडी महायज्ञ की पूर्ण आहुति की गई। भक्तों में हर्षउल्लास के साथ कथा को श्रवण किया। संध्या की बेला में भंडारे का आयोजन हुआ। पहले कन्या भोज के बाद भंडारे में दूर दराज से आए ऋषि मुनियों का भी आगमन हुआ। ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों खुशी का माहौल देखने को मिला।


कथा व्यास मिथलेश महाराज।

### प्रखर ने पहले ही प्रयास में नीट यूजी में पायी सफलता



**सेउता, सीतापुर, अमृत विचार :** रेउसा कस्बे के प्रखर मिश्र ने नीट परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की। प्रखर के पिता संदीप मिश्रा शिक्षक हैं और माता अमिता मिश्रा शिक्षामित्र के रूप में कार्यरत हैं। प्रखर ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने बाबा आनंद मिश्रा, दादी सुमन मिश्रा और अपने चाचा अनुराग मिश्रा को दिया है। इस सफलता पर इलाके के लोगों ने प्रखर को बधाई दी है।

### पूजा-पाठ के नाम पर महिला से जेवर और 11 हजार ठगे

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में टप्पेबाजों ने एक महिला से पूजा-पाठ कराने के नाम पर धोखा देकर सोने के जेवर और 11 हजार रुपये नकद ठग लिए। दिनदहाड़े हुई वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सघन कांबिंग अभियान चलाया, लेकिन शातिरों का कोई सुराग नहीं मिल सका। सदरपुर थाना इलाके के ददेवहरा गांव निवासी चंपा देवी रविवार को अपने बच्चों के साथ महमूदाबाद आई थीं। दोपहर में बिसवां मोड़ के पास उन्हें दो अज्ञात युवक मिले। खुद को तांत्रिक बताकर दोनों ने पूजा-पाठ कराने की बात कही और झांसे में लेकर महिला के कान के सोने के बाले, गले की माला और 11 हजार रुपये ठग लिए। वारदात के बाद दोनों ऑटो में बैठकर फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए और पुलिस को सूचना दी। कोतवाल अनिल सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे और आसपास के क्षेत्र में कांबिंग कराई, लेकिन सफलता नहीं मिली। कोतवाल ने बताया कि आसपास के थानों को अलर्ट किया गया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

### लहरपुर कस्बे से ई-रिक्शा चोरी

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला में ई-रिक्शा चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। साक्ष्य के रूप में सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं। शादाब ने बताया है कि उसका ई रिक्शा घर के बाहर खड़ा हुआ था। चार्जिंग के दौरान ई रिक्शा चोरी कर लिया गया। पीड़ित शादाब ने बताया कि सीसीटीवी में उसके घर के पास 3 :00 बजे के लगभग दो बाइक सवारों को संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ा हुआ देखा गया। दावा है कि उनके द्वारा ही ई रिक्शा चोरी किया गया। केसरीगंज चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है।

# पिता का शव लेकर जा रहा था बेटा, मौत

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के सेवरा गांव के पास की घटना

शुकुल बाजार(अमेठी)

**अमृत विचार।** शुकुल बाजार क्षेत्र के सेवरा गांव के पास माइल स्टोन संख्या 59.70 पर रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में एम्बुलेंस सवार सभी लोग शव लेकर बिहार जा रहे थे। समस्तीपुर निवासी राजकुमार शर्मा अपने पिता अशोक शर्मा का शव हरियाणा से एंबुलेंस के जरिए बिहार अपने घर जा रहे थे कि रास्ते में पूर्वांचल एक्सप्रेस पर सभी पांच लोग उसमें सवार हादसे का शिकार हो गए। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हरियाणा के फिरोजपुर में रहने वाले अशोक शर्मा की मौत के बाद शव को लेकर बिहार के समस्तीपुर स्थित पैतृक गांव ले जा रहे थे। एम्बुलेंस में उनके बेटे रामभद्रपुर निवासी राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश शर्मा (26), गांव के ही रवि शर्मा (28), रिश्तेदार


अस्पताल परिसर में जानकारी लेते डीएम संजय चौहान एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।


राजकुमार शर्मा।


रवि शर्मा।


सरफराज।


आबिद।


फुलो शर्मा।

फुलो शर्मा (45) निवासी रवि टोला, हथौड़ी और पुरनाही गांव निवासी शंभू राय (46) सवार थे। वाहन चला रहे हरियाणा के नूंह जिले के आबिद (28) और सरफराज (30) भी साथ में थे। रविवार सुबह एम्बुलेंस ने आगे चल रही मछली से लदी पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में राजकुमार, रवि, फुलो, आबिद और सरफराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शंभू राय गंभीर रूप से

**हादसा**

▶▶ डीएम-एसपी, समेत अन्य अधिकारियों ने किया मौके का निरीक्षण

घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल और फिर एम्स रायबरेली रेफर किया गया। हरियाणा के एनीसीआर का कुछ इलाका यानी गुड़गांव में राजमिस्त्री का काम करने वाले अशोक कुमार शर्मा की एक्सीडेंट में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उनका बेटा राजकुमार उर्फ सतीश दिल्ली से मौके पर पहुंचा। राजकुमार अपने पिता अशोक कुमार का शव लेकर समस्तीपुर के रामभद्रपुर गांव जा रहे थे। साथ में अन्य दो उनके रिश्तेदार थे। सतीश दिल्ली में देवयानी इंटरनेशनल नामक कंपनी में काम करता है, जो फूड सर्विस प्रोवाइड कराती है।

फतेहपुर निवासी विजय सिंह ने बताया कि मछली से भरी पिकअप को कानपुर से सिलिगुडी ले जा रहे थे। रास्ते में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गाड़ी का टायर पंचर हो गया, जिसे वह साइड में खड़ी कर पंचर बनवा रहे थे। जैसे ही उन्होंने पिकअप स्टार्ट की, पीछे से करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर पिकअप में जा घुसी। जिलाधिकारी अमेठी संजय चौहान ने कहा कि घटना बेहद दुखद है। पीड़ित परिवार को जो भी अधिकतम सहायता होगी जल्द मुहैया कराई जाएगी। वहीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही राहत और बचाव कार्य के बाद वाहनों को हटाकर यातायात बहाल किया गया। पुलिस ने सभी शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायल को ईलाज के लिए भेज दिया गया है। शेष विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## दो सगी बहनें लापता पिता ने थाने में दी तहरीर

**सिंहपुर अमेठी ,अमृत विचार।** विकास खण्ड सिंहपुर के थाना क्षेत्र इन्हौना के अंतर्गत जिजौली गांव से दो सगी बहनें 12 जून को दोपहर लगभग 2 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। दोनों किशोरियां घर से बाहर निकली थीं, लेकिन इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों द्वारा कई स्थानों पर तलाश के बावजूद जब बेटियों का सुराग नहीं मिला, तो पिता ने थाना इन्हौना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने पुलिस को दी गई शिकायत में आशंका जताई है कि उनकी बेटियों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। पीड़ित पिता ने यह भी बताया कि करीब 8-10 दिन पूर्व उन्होंने अपनी एक बेटी को गांव के एक युवक से मोबाइल पर बातचीत करते हुए देखा था। उन्हें शक है कि उसी युवक का इस घटना में हाथ हो सकता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि विधिक, कार्यवाही की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### सुदामा नाम का ब्राह्मण आने पर नंगे पैर दौड़े कृष्ण


पूरे नेम जमुरवा बुजुर्ग में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में मौजूद श्रद्धालु।

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** पूरे नेम जमुरवा बुजुर्ग में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छंठवे दिन सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया गया। शनिवार को व्यासपीठ आचार्य शान्तनु महाराज ने कृष्ण और सुदामा चरित्र की सुंदर कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण से मित्रता निभाना सीखना चाहिए। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। गरीबी के बावजूद हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते थे। पत्नी सुशीला सुदामा से बार-बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश में हैं उनसे जाकर मिलो। शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारिका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे धार्मिक उद्घोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। कथा जैसे-जैसे समापन की ओर बढ़ रही थी आयोजकों का उत्साह बढ़ता ही जा रहा था। व्यासपीठ ने श्रोताओं से कहा कि नियमित कथा सुनने से जन्म-जन्म के पापों से मुक्ति मिलती है। सप्ताह भर की कथा का सारांश में प्रवचन करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग बाकी दिन की कथा नहीं सुन पाए हैं उन्हें अंतिम दिन यानी रविवार को कथा का श्रवण करने से पुण्य लाभ प्राप्त हो सकता है। इस मौके पर सैकडों की संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

### लोदीपुर उतरावां गांव में आयोजित हुआ नेत्र शिविर


नेत्र चिकित्सा शिविर में मौजूद लोग। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। क्षेत्र के कैली मजरे लोदीपुर उतरांवा गांव में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने सैकड़ों मरीजो की जांच कर उन्हे दवाइयां व चश्में भी प्रदान किये। शिविर के आयोजक दिव्यांश बाजपेई ने बताया कि शहरी क्षेत्र में सम्पन्न होने वाले नेत्र शिविरो में जाने के लिये गांव के लोगो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता था। इसलिये उन्होने अपने पूर्वजो की प्रेरणा से गांव में ही नेत्र रोगियो के लिये शिविर का आयोजन कराने का निर्णय लिया। श्री बाजपेई ने बताया कि शिविर में एक सैकडा से अधिक रोगियो के परीक्षण के पश्चात उन्हे नि:शुल्क दवाईयां व चश्में भी वितरित किये गये है। उन्होने बताया कि शिविर मे चिन्हित मरीजो का जल्द ही आपरेशन कराया जायेगा। जिसमें किसी भी प्रकार का शुल्क नही देय होगा। आयोजन के मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी राहुल सिंह, इंद्र देव बाजपेई, डिप्टी कमांडेंट सुधीर बाजपेई, शिक्षक संदीप बाजपेई, सर्वेश बाजपेई, आनंद कुमार शुक्ला, सतीश चंद्र बाजपेई, अभिषेक , आंसू शुक्ला, बाल कृष्ण बाजपेई, उमेश बाजपेई, मनोज सिंह, सौरभ बाजपेई, अभय द्विवेदी, चंद्रभाल शास्त्री, मोहित पासवान, मृदुल बाजपेई, विजय वाजपेई, ओपी शुक्ला, शिवम बाजपेई आदि मौजूद रहे।

### गर्भावस्था में मां की विचारधारा धार्मिक होनी चाहिए

**अमेठी अमृत विचार।** नव चयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन रविवार को विद्या भारती काशी प्रदेश के सह संगठन मंत्री डॉ राम मनोहर भव की स्वीकृति ही भाव है। स्वीकृति ही सुख है, अस्वीकृति दु:ख है । अपनी भावनाओं पर हम ध्यान दें क्योंकि यही विचार बन जाता है, विचार शब्द बन जाते हैं, शब्द आदत बन जाती है, आदत चरित्र बन जाता है और चरित्र नियति बन जाती है। आचार्य को प्रतिदिन पढ़ना और पढ़ाना चाहिए। सोते जागते प्रतिदिन 88000 बार कोई बात मस्तिष्क में आती है और जाती है। घर में एक नए मेहमान के आगमन पर मां की विचारधारा धार्मिक होनी चाहिए। अच्छी पुस्तकों का स्वाध्याय करना, घर में अच्छी बातें करना आदि। शिशु गर्भ से ही सीखता है जिस प्रकार अभिमन्यु ने अपनी मां के गर्भ में रहकर बहुत कुछ सीखा था। परिचय प्रदेश में निरीक्षक राज बहादुर दीक्षित ने कराया।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार।** रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सरफराज पिता नियाज अहमद निवासी ग्वालटोली कानपुर को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। सीओ मनोज कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक पेड़ से टकराई, महिला की मौत

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली खंड के सूची में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसमें सवार महिला की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जमुरावा खुर्द निवासी केवला देवी अपने बेटे अशोक के साथ इलाज कराने रायबरेली गई थी। रायबरेली से वापस आते समय सूची निकट स्टेट बैंक के पास गाय बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित हो गई और पेड़ से टकरा गई। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं उसका बेटा अशोक भी घायल हो गया। एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सक ने केवला देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके बेटे को भर्ती कर लिया।

### पति को गायब करने की जताई आशंका

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पूरे बरजोर मजरे कल्याणपुर सुरजई की रहने वाली रानी देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती रात उनके पति दरवाजे से रहस्यमय तरीके से गायब हो गए। आरोप लगाया है कि एक युवक व उसके पुत्रों से एससी एसटी के मामले में मुकदमा चल रहा है, जिसको लेकर जबरन सुलह समझौता का दबाव बनाया जाता है। समझौता न करने पर हत्या की धमकी दी जा रही है। पीड़ित महिला का आरोप है कि मुझे पूरी आशंका है कि विपक्षियों द्वारा मेरे पति को जबरन गायब कर दिया। जगतपुर थानेदार अजय कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराई जाएगी।

### 9 नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में नौ नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से पढ़ाई शुरू होगी। कक्षा 6 से 8 तक के दो हजार बच्चों को निशुल्क शिक्षा संग आवासीय शिक्षा का मौका मिलेगा। अगले वर्ष से कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी। गरीब मेधावी बच्चों को निशुल्क आवासीय शिक्षा देने तहत इस वर्ष से प्रदेश के विभिन्न जिलों में नौ नये सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जाएंगे। इनमें मथुरा, बलिया, पीलीभीत, मनकापुर (गोंडा), सरवनखेड़ा (कानपुर देहात), अमरोहा, महाराजगंज, आंबेडकर नगर, मैनपुरी शामिल हैं। उप निदेशक जे राम ने बताया कि अगले वर्ष से कक्षा 12 तक इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि अभी तक 58 जिलों में 100 स्कूल संचालित थे। अब 62 जिलों में 109 विद्यालय संचालित होंगे।

### निजीकरण के विरोध में आज होगा मौन प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 16 जून को राज्य विद्युत नियामक आयोग कार्यालय के सामने मौन विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, मनमाने स्थानांतरण के विरोध में प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन भी होगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने रविवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि 13 जून को आयोग व पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारियों के बीच सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के साथ गुपचुप लंबी बैठक की गई। इस बैठक में सलाहकार कंपनी ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट आयोग के सामने प्रस्तुत किए। समिति ने आरोप लगाया कि आयोग के अधिकारी कॉरपोरेशन के पक्ष में कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने इस पर एतराज व्यक्त करते हुए कहा कि निजीकरण के लिए सलाहकार कंपनी की नियुक्ति पूरी तरह अवैध है। यह जानकारी विद्युत नियामक आयोग को थी, इसके बाद भी उन्होंने इस सलाहकार कंपनी को प्रस्तुतीकरण करने दिया।

## रिमझिम फुहारों से मिली गर्मी से राहत

▶▶ किसानों से लेकर आमजन तक ने ली चैन की सांस

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** तपती दोपहर, झुलसाती हवाएं और उमस भरी रातों से जूझ रहे लोगों को आखिरकार रविवार को राहत मिली। सुबह से ही मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे थे और दोपहर होते-होते आसमान में बादल छा गए। इसके बाद रिमझिम फुहारों ने पूरे इलाके को भिगो दिया।

गर्मी से परेशान लोगों के चेहरे पर बारिश की पहली फुहारें मुस्कान लेकर आईं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने खुले आसमान के नीचे बारिश का लुत्फ उठाया। पार्क, गलियां और सड़कें गुलजार हो उठीं। एक माह से अधिक समय से झेल रही भीषण गर्मी के बीच यह बदलाव अमेठी के लिए किसी तोहफे से कम नहीं। गर्मी से सिर्फ आमजन ही नहीं, किसान भी बुरी तरह प्रभावित थे। धान की रोपाई के लिए आवश्यक नमी की कमी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी थी। लेकिन रविवार की इस बारिश ने खेतों को तर कर दिया है और अब धान की बुवाई में तेजी आने की संभावना है। किसानों ने बताया कि समय से पानी गिरने से 'बेरन' (धान की नर्सरी) जल्द तैयार हो सकेगी।

**बारिश ने खोली नगर पंचायत की पोल**

जहां एक ओर बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया, वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत की तैयारियों की कलई भी खोल दी। शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। मुख्य बाजार से लेकर मोहल्लों की गलियों तक पानी भर गया। नालियों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल गया, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## लेखपाल से अभद्रता करने का आरोप

**सिंहपुर अमेठी अमृत विचार।** लेखपाल वेदप्रकाश, राजस्व निरीक्षक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, एवं अन्य राजस्वकर्मी मानश शुक्ला तथा संजीत विश्वकर्मा एक प्रकरण की जांच और सीमांकन हेतु ग्राम जयनगरा में गए थे। जांच के बाद लौटते समय महुआरी बाग के पास करीब शाम 4:45 बजे गांव के कुछ लोगों ने लेखपाल वेदप्रकाश को रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने पहले भद्दी-भद्दी गालियां दीं, फिर वेदप्रकाश की कॉलर पकड़ ली और मारने की धमकी देने लगे। जब हमला करने का प्रयास किया गया, तो राजस्व टीम के अन्य सदस्यों ने बीच-बचाव कर उन्हें छुड़ाया। आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। लेखपाल वेदप्रकाश ने थाना शिवरतनगंज में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## मां संकटा देवी मंदिर परिसर में गंदगी का अंबार

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बावजूद मंदिरों की व्यवस्था नहीं सुधर रही है, जिसका जीता जागता उदाहरण मां संकठा देवी का मंदिर है। लालगंज क्षेत्र ही नहीं दूर दराज के भक्तों के लिए भी मां संकठा देवी मंदिर आराध्य और श्रद्धा का केंद्र है। लेकिन मंदिर के देख रेख की जिम्मेदारी करने वाले पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं। इतना ही नहीं मंदिर कोष में लाखों रुपये होने के बावजूद मंदिर की आत्मा जहां गंदगी से कराह रही है वही पतित पावनी मां गंगा का तट भी स्वच्छता से कोसो दूर है।

मां संकटा देवी मंदिर परिसर में मवेशियों के मल और गंदगी की भरमार सदैव बनी रहती है। आसपास के दुकानदार भी इसमें पीछे नहीं रहते हैं। सफाई के नाम पर वे खुद कुछ नहीं करते हैं। सरकारी महकमें के ऊपर निर्भर हैं और सरकारी महकमा


मां संकटा देवी मंदिर के गेट पर फैली गंदगी और गोबर। अमृत विचार

भी कभी कभार सफाई करता है। ब्लॉक कार्यालय से जानकारी लेने पर पता चला कि वहां पर तीन सफाई कर्मी तैनात हैं, लेकिन लोगों का कहना है कि सफाई कर्मी कभी कभार ही आते हैं। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष लालगंज तहसील प्रशासन के द्वारा मां संकठा देवी मंदिर के चढ़ौके का ठेका 16 लाख रुपये में उठाया गया था। मंदिर भी तहसील प्रशासन के लिए कमाऊ पूत के केंद्र बन गए हैं। मंदिर के कोष और विकास सहित अन्य कार्यों की देखरेख के लिए लेखपाल और प्रधान नियुक्त हैं। लेकिन दोनों लोग भ्रष्टाचार से पूरी तरह लिप्त हैं और मंदिर की तरफ से लापरवाह बने हुए हैं।

पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे और विकेश द्विवेदी का कहना है कि मंदिर की व्यवस्था के लिए उनकी समिति के पास पूर्व में कार्य था लेकिन सरकारी मशीनरी ने मनमानी तरीके से प्रलोभन में आकर देशराज यादव को मंदिर का चार्ज दे दिया है जिससे मंदिर की देखरेख व व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है। लोगों ने कहा है कि अगर व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन किया जाएगा। मंदिर परिसर से मुस्लिम दुकानदारों को भी हटाने की मांग की गई है। वहीं ग्राम पंचायत सेक्रेटरी प्रखर तिवारी ने कहा कि शीघ्र ही सफाई कराई जाएगी। व्यवस्था को बेहतर बनाने का हरसंभव प्रयास किया जाता है।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत, मुकदमा दर्ज

**अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के रसूलपुर गुंडा गांव के रहने वाले एक 72 वर्षीय बुजुर्ग को शनिवार की शाम गांव के किनारे अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने टक्कर मार दी। इस घटना में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिवारजन इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां रविवार को सुबह 10 बजे इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अवसान (72) निवासी रसूलपुर गुंडा शनिवार की शाम गांव के किनारे मवेशी चरा रहे थे। तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवारों ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से भागने का प्रयास किया, जिसे आस-पास के लोगों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गये युवक ने अपना नाम बिलाल बताया है। मौके पर पहुंचे परिवारजन इलाज के लिए अवसान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां आज सुबह 10 बजे उसकी मौत हो गई। जिसके बाद मृतक की पुत्री अंजू देवी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया



रक्तदान देते समाजसेवी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** विश्व रक्तदान दिवस पर सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (एमडब्ल्यूओ) के पदाधिकारियों ने सुलतानपुर स्थित गोमती हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर अमेठी जिलाध्यक्ष श्रीकांत शर्मा (मुसाफिरखाना) ने अपना 21वां, सत्यम शर्मा (संग्रामपुर) ने 13वां तथा संतोष कुमार शर्मा (भादर) ने 14वां रक्तदान किया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने सभी रक्तदाताओं को शुभकामनाएं दीं। सुलतानपुर जिला महासचिव दुर्गेश शर्मा ने कहा कि हमारा संगठन निरंतर जरूरतमंदों की निःस्वार्थ सेवा कर रहा है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों के माध्यम से हम समाज को जागरूक और सशक्त बना रहे हैं।

इस अवसर पर महेश कुमार शर्मा, गोमती ब्लड बैंक के प्रभारी सौरभ सिंह, अनुराग तथा आलोक कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे और इस सामाजिक कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## कार, पिकअप और ट्रैक्टर की टक्कर में सात घायल

**जगदीशपुर अमेठी,अमृत विचार।** रविवार सुबह नेशनल हाईवे पर कमरौली थाना क्षेत्र के सिरियारी गांव के पास कार, ट्रैक्टर और पिकअप वाहन आमने-सामने टकरा गए, जिसमें कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी श्रद्धालु हरियाणा के निवासी थे और काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए जा रहे थे। कार में धीरू झा पुत्र स्व. दिनेश झा, राजकिशोर झा पुत्र विश्वनाथ झा सुबोध मिश्रा पुत्र दिगंबर मिश्रा सोम प्रकाश पुत्र रामकुमार देवासी, नई दिल्ली निवासी और जय सिंह चौहान पुत्र रणवीर चौहान, पालम एयरपोर्ट दिल्ली निवासी शामिल थे। जब उनकी कार सिरियारी गांव के पास पहुंची, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप और ट्रैक्टर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक अब्दुल मोईद और उनका बेटा मोहम्मद अखलाक निवासी राजापुर नौडाड़, थाना जगदीशपुर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कमरौली व जगदीशपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से तत्काल जगदीशपुर ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। थाना प्रभारी मुकेश पटेल ने बताया कि हादसा विपरीत दिशा से आ रही पिकअप की टक्कर के कारण हुआ। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया है, और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सीएमओ ने आरोग्य मेला का किया औचक निरीक्षण


निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह। अमृत विचार

सिंहपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इन्हौना में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का निरीक्षण किया। इस दौरान मेला स्थल पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मरीजों की संख्या, जांच की स्थिति, दवाओं की उपलब्धता और पंजीकरण प्रक्रिया का अवलोकन किया। मेला में कुल 46 मरीजों की ओपीडी हुई। 18 मरीजों की विभिन्न जांचें की गईं। निरीक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की अनुपस्थिति दर्ज की गई, जिस पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। डॉ. अंशुमान सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम, डॉक्टर अनूप आर्या फार्मासिस्ट, अनिल मौजूद रहे।

## ऋतिक के ऑल राउंड प्रदर्शन से जीता उड़ान क्रिकेट अकादमी

**अमेठी अमृत विचार ।** जिला क्रिकेट संघ अमेठी द्वारा आयोजित प्रथम स्व. निर्मला मौर्या स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को ड्रीम चेसर्स क्रिकेट अकादमी एवं उड़ान क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। उड़ान क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और 39.5 ओवर मे 185 रन बनाए। सनी एवं ऋतिक शंकर ने सर्वाधिक 34-34 रन बनाए। जवाब मे उतरी ड्रीम चेसर्स क्रिकेट अकादमी मे हर्ष कश्यप (27 रन) को छोड़ कर कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक पाया और 29.1 ओवर मे 135 रन ही बना सकी। मैन ऑफ़ द मैच ऋतिक शंकर फाइटर ऑफ़ द मैच हर्ष कश्यप बेस्ट बैट्समैन शनि बेस्ट बॉलर जयंत रावत रहे।

**आयोजन** जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने जवाहर नवोदय विद्यालय में कि योग सप्ताह का शुभारंभ

# योग हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरता है : डीएम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज में रविवार को प्रातः योग सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि एवं जिलाधिकारी संजय चौहान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भारी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम का आयोजन 15 से 21 जून तक होगा। प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक हुए योग सत्र में प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन सिखाए और उनके लाभों की जानकारी दी।


जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में योग करते अधिकारी। अमृत विचार

जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि योग हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही समाज की उन्नति का आधार है। सामूहिक योगाभ्यास केवल नवोदय विद्यालय में ही नहीं, बल्कि जनपद की सभी तहसीलों, विकास खंडों, सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर्स, अमृत सरोवरों एवं नगरीय निकायों में भी आयोजित किया गया। योगाभ्यास के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला द्वारा पौधरोपण किया गया।

### योग, ध्यान और प्राणायाम की दी व्यापक जानकारी


ब्लॉक परिसर में योग करते हुए लोग।

सिंहपुर अमेठी, अमृत विचार। विकास खंड सिंहपुर मुख्यालय पर रविवार को सुबह 6 बजे कमलेश यादव खंड विकास अधिकारी सिंहपुर ने योग सप्ताह का शुभारम्भ किया। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक प्रशिक्षक द्वारा लोगों को योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। योग दिवस शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक, लाभों के प्रति जागरूकता फैलाने का एक वैश्विक प्रयास है। योग प्रशिक्षक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने योग सप्ताह में शामिल ब्लॉक कर्मचारियों सहित स्थानीय नागरिकों को भी योगाभ्यास कराया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान योगासन,प्राणयाम ,ध्यान और स्वास्थ्य लाभ सम्बंधित तमाम जानकारियां दी। बीडीओ सिंहपुर ने कहा कि समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत विजय यादव,एडीओ आईएसबी चंद्रभान सिंह,सोनू कुशवाहा,कृष्ण कुमार, अमरजीत पाल, रामबाबू मौजूद रहें।

# आसमान से बरस रहे आग के गोले, गर्मी से लोग बेहाल

## भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बाजारों में दिनभर पसरा रहता सन्नाटा


भीषण गर्मी में महराजगंज क्षेत्र में पेड़ के नीचे बैठे ग्रामीण। अमृत विचार


गर्मी से बचने के लिए दुपट्टा से मुंह बांधकर जारी युवतियां। अमृत विचार

**पवन साहू, रायबरेली**

**अमृत विचार।** गर्मी की तपन का कहर अपने चरम पर है। हालात ऐसे हैं कि मानों आसमान से आग के गोले बरस रहे हो। जिले का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है।

सूरज की तपिश और लू के थपेड़े जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। हाल यह है कि सुबह 10 बजे के बाद से लोग घरों से निकलने से कतराने लगे हैं। बाजारों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है। उधर, भारतीय मौसम विभाग ने लंबे समय तक चलने वाली हीटवेव की चेतावनी दी है। जिससे स्थिति और भी गंभीर होने की आशंका है। यह भीषण गर्मी सिर्फ असहजता का कारण नहीं, बल्कि हीटस्ट्रोक, गंभीर डिहाइड्रेशन और अन्य जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं का भी खतरा बढ़ा सकती है। दिन प्रतिदिन पेड़ों के बढ़ रहे कटान का दुष्प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है। इससे जहां पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। वहीं नई-नई हलचलें भी देखने को मिल रही हैं। हाल यह है कि गर्मी से बचने के लिए लोग आसमान की ओर निगाहे लगाए हुए हैं। मनुष्य ही नहीं पशु पक्षी हर कोई बेहाल है। ताल-तलैय्या तक सूखने लगे हैं। प्रशासन की ओर से भले ही मनरेगा तालाबों में पानीभरवाया गया हो, लेकिन सूरज की तपिश में पानी भी खौलता रहता है। फिलहाल अगर मौसम इसी तरह रहा तो आने वाले समय में लोगों की दिक्कतें बढ़नी तय है।

### पेड़ों की कटान पर नहीं अंकुश

लगातार पेड़ों की कटान का सीधा प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है। कटान के सापेक्ष लोग नए वृक्ष लगाने की ओर जागरूक नहीं हो रहे हैं, जो लगाए भी जा रहे हैं उनकी सही देखभाल न होने के कारण वह दम तोड़ देते हैं। इसका प्रभाव पर्यावरण के साथ ही जलवायु पर भी पड़ रहा है। इससे जहां अनियमित जलवायु परिवर्तित हो रही है वहीं पृथ्वी का तापमान भी बढ़ रहा है।

### पृथ्वी पर हरियाली ही एक मात्र उपाय


मऊ गांव निवासी आशुतोष प्रताप सिंह उर्फ आशू का कहना है कि यदि हमें पृथ्वी पर होने वाले इन परिवर्तनों को रोकना है तो वृक्षों का कटान का विरोध करना होगा। इतने से ही काम सफल नहीं होगा, हमें नए पेड़ लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करनी होगी। इसके लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। पौधरोपण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो वह दिन दूर नहीं जब हमें इनके दुष्प्रभाव झेलने पड़ेंगे।


चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू का कहना है कि प्रति व्यक्ति को वृक्षारोपण करने का लक्ष्य होना चाहिए। बचपन से ही हमें सिखाया जाता है कि पेड़ों से ही हमें प्राणवायु मिलती है। पेड़ों को काटे नहीं, बल्कि नए पेड़ पौधे लगाए। जिससे हमारा पर्यावरण साफ व स्वच्छ बना रहे। वृक्षों से जलवायु परिवर्तन पर भी रोक लगती है।


जमुरवां गांव निवासी कवि प्रवीण त्रिपाठी प्रवीण ने कविता की लाइनें सुनाते हुए कहते हैं कि गरमी से बेहालु हैं, पशु पक्षी सबु लोगु।
बिरवा काटिन कछु जनें, मुला रोगु सबु भोगु।।
गरमी को सब कोसते,देखो सुबहो शाम।
वृक्ष कभी न रोपते, चाहि रहे आराम।।
रोज़ अब देखो पारा, प्रकृति ने आंख पसारा ।


बसकटा निवासी कवि राकेश रुस्तम ने भी बढ़ते तापमान व बदले मौसम पर चिंता जताते हुए कविता में कुछ इस तरह से पिरोया...
वृक्ष हरे मत काटना, ये जीवन आधार।
मिलती इनसे वायु है, होती जल बौछार।
पेड़ों पर आरी चला, बागें कर दी साफ।
अब खेतों में आदमी, रोज रहा है हांफ।।

## धर्मेंद्र को मिली जिम्मेदारी, बने अध्यक्ष


नवगठित प्रेस क्लब के पदाधिकारी।

**संवाददाता, रायबरेली।** रविवार को एक बैठक में लालगंज प्रेस क्लब का गठन किया। वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र पांडेय को क्लब का अध्यक्ष, उमेश श्रीवास्तव को महामंत्री, संदीप कुमार फिजा को संगठन मंत्री और शशिराज पटेल को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि आने वाले दिनों में संगठन का विस्तार कर अन्य पदों के लिए चयन किया जाएगा। इस जिम्मेदारी को अध्यक्ष, महामंत्री और संगठन मंत्री को सौंपा गया है।

कोतवाली के सामने स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अवनींद्र पांडेय व रवींद्र सिंह ने की। बैठक में अवनींद्र पांडेय ने उम्मीद जताई कि नवगठित प्रेस क्लब पत्रकारों के हित में प्रभावी कार्य करेगा। धर्मेंद्र पांडेय ने अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा कि यह संगठन केवल पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के लिए कार्य करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य केवल औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह 24 घंटे पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहेगा। वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र सिंह ने कहा कि यह संगठन पत्रकारों को जिम्मेदार और एकजुट बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएगा। बैठक में ग्राम प्रधान ऐहार राजेश फौजी, तहरीर लेखक राकेश बाजपेई, सेवानिवृत्त शिक्षक देवराज यादव, विजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपा की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली**


विकसित भारत संकल्प सभा में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को ब्लॉक सभागार में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री शरद सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के बीते 11 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के रहे हैं। इन वर्षों में 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति पर कार्य करते हुए पार्टी ने देश में विकास की गंगा बहाने का काम किया है।

विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री सरोज गौतम ने कहाकि "विकसित भारत संकल्प सभा" का उद्देश्य भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाना है। यह कार्यक्रम जिला, मण्डल से लेकर शक्ति केंद्र तक आयोजित किया जा रहा है, ताकि जनमानस को यह जानकारी दी जा सके। शिवगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष अवधेश त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन उपलब्धियों को गांव-गांव, घर-घर तक लेकर जाएं और हर कार्यकर्ता इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाए।

कार्यक्रम के समापन पर हाल ही में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मृत लोगों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. जीवी सिंह, श्रवण पाण्डेय, दिनेश सिंह भदौरिया, टीनू चंद्रा रावत, भद्रपाल सिंह, राजाराम लोधी, महेंद्र सिंह, सीपी पाण्डेय, राम अवध वर्मा, अनुज कुमार, मानस त्रिवेदी, चमन त्रिवेदी, बब्बू सिंह आदि मौजूद रहे।

### केंद्र सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**महराजगंज, रायबरेली।** ब्लॉक सभागार में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री विजय सिंह और पूर्व विधायक राम लाल अकेला ने विकसित भारत की दिशा में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही पार्टी की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, रहमत अली, अवधेश मिश्रा, राम अभिलाष लोधी, शिव शंकर शुक्ला, अधिवक्ता उज्ज्वल अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## नीट परीक्षा में 99.70 % मिलने पर किया सम्मानित


नीट में चयनित छात्र अनादी मिश्र के साथ एनएसपीएस के प्रधानाचार्य व शिक्षक गण।

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** नीट की परीक्षा में 99.70 परसेंटाइल प्राप्त कर एनएसपीएस त्रिपुला के छात्र अनादी मिश्रा ने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स की ओर से एनएसपीएस त्रिपुला के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति और एनएसपीएस एकेडमी के नितिन सिंह ने अनादी के घर पंहुचकर छात्र और परिजनों को बधाई दी। इसी क्रम में विद्यालय के छात्र अरविंद कुमार ने 98.39, अजीत प्रताप ने 98.20 और छात्रा तय्यबा कय्यूम ने 98.01 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय के छात्रों की सफलता को उनकी मेहनत का प्रमाण बताते हुए कहा कि सभी के लिए ये विद्यार्थी प्रेरणास्रोत हैं। बताया कि एनएसजीआई के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा और सह-प्रबंधिका डॉ रश्मि शर्मा ने सभी विद्यार्थियों के समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए बधाई दी है।

### भाई-बहन ने बढ़ाया मान, नीट में हासिल की सफलता


मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते पिता प्रभाकर श्रीवास्तव व माता दीपशिखा श्रीवास्तव।

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** नीट परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद मेधावियों के चेहरे खिले हुए हैं। इन्हीं मेधावियों में से एक परिवार ऐसा है, जिनके दोनों बच्चों ने सफलता हासिल की है। हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा के बाद भाई-बहन ने नीट में बेहतर रैंक लाकर परिवार ही नहीं बल्कि जिले का भी गौरव बढ़ाया है। सलोन विकास क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पकसरावां में अध्यापक प्रभाकर श्रीवास्तव ओर उनकी पत्नी दीपशिखा तो खुशी से मानों फूले नहीं समा रहे हों। आखिर हो भी क्यों नहीं। उनके बेटे अथर्व श्रीवास्तव और बेटी आस्था श्रीवास्तव ने बेहतर रैंक लाकर क्षेत्र में नाम रोशन किया है। आस्था श्रीवास्तव को आल इंडिया स्तर पर नीट में 55076 और अथर्व को 11303 रैंक मिली है। आस्था ने वर्ष 2020 में 94 .66 प्रतिशत अंकों के साथ हाईस्कूल में राज्य स्तर पर पांचव स्थान हासिल किया था। इंटरमीडिएट 2022 की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश स्तर पर नौवां स्थान बनाया था। इसी तरह अथर्व ने वर्ष 2022 हाईस्कूल की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश स्तर पर पांचवां, जबकि इंटरमीडिएट वर्ष 2024 में 94 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। वर्तमान में आस्था बीएससी फाइनल तो अथर्व प्रथम वर्ष के छात्र हैं। दोनों बेहतर अंक आने से बहुत खुश है। बताते है कि हम दोनों में पढ़ाई को लेकर शुरू से प्रतिस्पर्धा थी। परिवार के लोग हमें डाक्टर साहब कहकर बुलाते थे। इसके बाद हमने ठान लिया कि अब डाक्टर बनकर ही मानेंगे।

### नीलेश को मिलेगा सरकारी मेडिकल कॉलेज मे दाखिला



**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज के शिक्षक सूरजपुर निवासी शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ पंकज सिंह और पूर्व माध्यमिक विद्यालय बैंती में सहायक अध्यापिका कल्पना सिंह के बेटे नीलेश प्रताप सिंह ने नीट में सफलता हासिल की है। नीलेश ने दादा पूर्व प्रधान एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शशी भदौरिया उर्फ सत्येंद्र सिंह तथा दिवंगत पूर्व जिला पंचायत सदस्य दादी कुमोदिनी देवी की प्रेरणा से प्रेरित होकर नीट की परीक्षा में ऑल इंडिया 6478 जनरल रैंक लाकर सभी को गौरवान्वित किया है। नीलेश प्रताप सिंह की इतनी अच्छी रैंक आने से उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिल सकेगा। ज्ञात हो कि नीलेश प्रताप सिंह ने आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल जगदीशपुर से इंटर तक की पढ़ाई करने के बाद पहली बार में नीट की परीक्षा क्वालीफाईड की है। नीलेश की सफलता पर शिवगढ़ ब्लॉक प्रमुख कुंमर हनुमंत प्रताप, पूर्व एमएलसी राजा राकेश सिंह, हनुमान सिंह, विद्यापीठ के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता,उनके चाचा शिवेंद्र सिंह, छोटे दादा विनोद सिंह आदि बधाई दी है।

## मुंशीगंज में एक महीने से भरा गंदा पानी, संक्रामक रोग का खतरा


मुंशीगंज में भरा गंदा पानी, इसी के बीच से होकर आते-जाते है लोग।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** मुंशीगंज बाजार स्थित राजा जेंट्स पार्लर के पास बीते एक महीने से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। इसके बावजूद जिम्मेदारों की नींद नहीं टूट रही है। हाल यह है कि कस्बे में एम्स जैसी महत्वपूर्ण संस्थान है। यहां पर रोगियों से लेकर अधिकारियों तक आना जाना बना रहता है। इसके बावजूद यह क्षेत्र पूरी तरह से उपेक्षित है। जलभराव के कारण आसपास के लोगों को संक्रामक रोग का खतरा भी सताने लगा है। नागरिकों ने नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों से उचित कदम उठाने की मांग की है।

स्थानीय नरेन्द्र सिंह, राजा, सलमान,संदीप धीमान, शाहरुख़, मो इमरान, नाजिम अली, हासिम अली, विकास, समाजसेवी ब्रजेश अग्रहरि (खाट्टू भैया) आदि ने बताया कि इस गंभीर समस्या को कई बार नगर पालिका के जिम्मेदारों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। लगातार पानी एकत्र होने से राहगीरों को दिक्कत हो रही है। इसी गंदे पानी के बीच से होकर ही लोग गुजरने के लिए विवश होते हैं। इतना ही नहीं दुकानों के आगे पानी भरा होने से व्यापार पर भी असर पड़ रहा हैं। साथ ही बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द जल निकासी की व्यवस्था को सही करने की मांग की है, ताकि आम जनजीवन सामान्य हो सके। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### विकास कार्यों में नहीं कोई भेदभाव


ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार मे विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल भारतीय जनता पार्टी विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष नन्द कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का गुणगान करते हुए आवास, पेयजल, निश्शुल्क अनाज आदि के बारे में बताया। जिला सह संयोजक अनूप पाण्डेय, जिला प्रतिनिधि दिवाकर मिश्र, वरिष्ठ भाजपा नेता डा अविनाश सिंह, कार्यक्रम सह संयोजक रिकू सिंह ने भी सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही लोगों तक पहुंचाने की बात कही। इस मौके पर टिन्कू मिश्रा, देवेन्द्र शुक्ला, सोम दत त्रिपाठी, संजय सिंह, सुधीर सिंह, ऋषी सिंह, लक्ष्मी शंकर सिंह, राकेश गुप्ता, राकेश कुशवाहा, सोनू वर्मा, राम प्रताप आदि मौजूद रहे।

### लालगंज में विकसित भारत संकल्प सभा का कार्यक्रम संपन्न


विकसित भारत संकल्प सभा में मौजूद लोग

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता विजय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू लोहिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ग्यारह वर्ष का कार्यकाल उल्लेखनीय एवं उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा है। भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की दिशा में स्वर्णिम काल रहा है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दशकों से चली आ रही परिवारवादी, तुष्टीकरण, भेदभावपूर्ण राजनीति एवं शासन व्यवस्था से भारत को मुक्त कराकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अनंत पाण्डेय अनूप ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति वाली मजबूत एवं स्थायी सरकार के नेतृत्व में ही भारतीय सैन्य शक्ति ने आपरेशन सिंदूर के रूप में अपनी ताकत का एहसास दुनिया को करा दिया है। संचालन मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने किया। सभा को पूर्व प्राचार्य अविनाश कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पाण्डेय, भाजपा नेता कैलाश बाजपेई, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, सुरेंद्र गुप्ता ने भी संबोधित किया।

### आरोग्य मेले में 65 मरीजों का किया उपचार


रोगियों की जांच करते चिकित्सक।

**जगतपुर, रायबरेली।** पीएचसी हरदी टीकर में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 65 मरीजों ने पंजीकरण का कराया। चिकित्सक सुफैल अहमद ने रोगियों का उपचार करते हुए दवा दी। आरोग्य मेले में 31 पुरुष, 28 महिलाएं व 6 बच्चों का उपचार किया गया। जिसमें खांसी, जुखाम, बुखार, बीपी, हाइपरटेंशन, शुगर, एनीमिया आदि रोगों के मरीजों का उपचार किया गया।

### पीडीए की जन पंचायत में सपा की नीतियों पर हुई चर्चा


बछरावां के तिलंडा ग्राम पंचायत में आयोजित पीडीए की जन पंचायत में मौजूद लोग।

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत समाजवादी पार्टी की पीडीए जन पंचायत का आयोजन तिलेंडा ग्राम पंचायत में किया गया।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशन में सभी क्षेत्रों में दलित शोषित समाज के लोगों तक समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पीडीए जन पंचायतों का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में आज विधान सभा अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में जन पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विधायक श्याम सुंदर भारतीय, जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी, मेहरबान यादव, जिला सचिव प्रमोद चौधरी, जिला कार्यकारी सदस्य शैलेन्द्र यादव, देशराज यादव, देवता दीन पासी, विजय बहादुर यादव, राजू यादव, ओमप्रकाश, आफताब आलम सहित क्षेत्र की महिलाएं और कार्यकर्ताओं ने जन पंचायत में सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर समाजवादी पार्टी की विचार धारा को सुना और पंचायत में भाग लिया।

### जिला स्काउट मास्टर शिव शरण ने 53वीं बार किया रक्तदान


मेडिकल कालेज में रक्तदान करते जिला स्काउट मास्टर शिवशरण सिंह ।

**रायबरेली, अमृत विचार।** रक्तदान महादान करके दूसरों को जीवन देने वाले जिला स्काउट मास्टर ने अपने जीवन में 53वीं बार रक्तदान किया है। विश्व रक्तदान दिवस पर राज्य पुरस्कृत शिक्षक एवं जिला स्काउट मास्टर शिव शरण सिंह ने मेडिकल कालेज में जाकर रक्तदान किया। वहीं, उन्होंने जिला अस्पताल रायबरेली के ब्लड बैंक में अनेकों शिक्षक शिक्षिकाओं व अन्य लोगों को प्रोत्साहित कर रक्तदान कराया। शिक्षक शिव शरण सिंह के पुत्र शिवेंद्र पटेल एम्स रायबरेली में जाकर जरूरतमंद को रक्तदान किया। जिला स्काउट मास्टर शिवशरण सिंह ने बताया कि शहर के कल्लू का पुरवा के निवासी संदीप सिंह की किडनी ट्रांसप्लांट होनी है। वर्तमान में मेडिकल कॉलेज लखनऊ में एडमिट है। उनको रक्त की जरूरत है और इसको पूरा करने के लिए शिवशरण सिंह ने लखनऊ जाकर रक्तदान किया। वहीं उनके बेटे शिवेन्द्र पटेल ने शाहजहांपुर निवासी प्रियांक सिंह को खून की कमी पर एम्स ने जाकर रक्तदान किया। जिला स्काउट मास्टर शिवशरण सिंह ने बताया कि लोगों की आवश्यकता पर अब तक कई बार रक्तदान कर चुके हैं। मेरी कोशिश रहती है कि मैं लोगों की आवश्यकता पर उनको रक्तदान कर सकूं। उन्होंने कहा कि लोगों में भ्रम रहता है कि रक्तदान करने से खून घटता है जबकि ऐसा नहीं है। लोगों को बढ़चढ़कर रक्तदान करना चाहिए।

### बाइक में टक्कर लगने से महिला की हालत गंभीर

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** सरेनी-लालगंज मार्ग पर एक बाइक चालक ने दूसरी बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया। इससे महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने महिला को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर एम्स रायबरेली रेफर कर दिया है। बेटे ने पुलिस को तहरीर दे दिया है। थाना क्षेत्र के बनपुरवा मजरे रंजीतपुर गांव के रहने वाले सूरज कुमार पुत्र जवाहर यादव सुबह अपनी मां तारावती को लेकर पूरे भगत मजरे निहस्था गांव जा रहे थे। जैसे ही सूरज की बाइक सरेनी-लालगंज मार्ग के लखनापुर गांव के एक भट्टे के सामने पहुंची, तभी पीछे से दूसरी बाइक के चालक ने टक्कर मार दिया। इससे तारावती बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर उसे एम्स रायबरेली रेफर कर दिया है।

### बालिका से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 8 वर्षीय बालिका अपनी मां की सहेली के घर गई हुई थी। उसे ले जाने के लिए सहेली की बेटी आई थी। रात में सोते समय उसके भाई ने बालिका से दुष्कर्म किया। हालत बिगड़ने की जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए। पहले तो मामले को दबाने का प्रयास किया गया लेकिन जब बालिका की हालत नहीं सुधरी तो पीड़िता की मां ने अपनी सहेली के बेटे पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए डलमऊ कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर में सहेली व उसके परिजनों पर भी आरोप लगाए गए हैं। कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी बबुला निवासी पूरे बच्चा सिंह आंबा को जेल भेज दिया गया है।

कार्यक्रम | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के तहत योग शिविर का आयोजन,कार्यक्रम की शुरुआत ओम के उच्चारण के साथ हुई

## नियमित व्यायाम और आसन करने से रहेंगे निरोगी


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के तहत आयोजित योग शिविर में शामिल कर्मचारी।

**महराजगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** ब्लाक सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के तहत योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ओम के उच्चारण के साथ हुई। यह आयोजन 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' के बैनर तले किया गया। बीडीओ वर्षा सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह 15 जून से शुरू हुआ है। यह कार्यक्रम 21 जून तक चलेगा। इस दौरान योग को उत्सव और महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख सतेंद्र सिंह ने कहा कि योग केवल योग दिवस तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। इसे रोजाना करना चाहिए। नियमित योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों बेहतर रहते हैं। नियमित व्यायाम और आसन करने से निरोगी रहा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योग आसनों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि कौन-से योगासन किन बीमारियों में लाभदायक हैं। इस अवसर पर एडीओ सहकारिता अरुण श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत सीताराम, आशुतोष श्रीवास्तव, विकास, अवनीश, अरुण कुमार, सर्वोत्तम सिंह, मनोज यादव, अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख ने योग शिविर का किया शुभारम्भ

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** योग जीवन का आधार है। योग से निरोग रहा जा सकता है। योग ने हमारे देश को विश्व में पहचान निभाने में अहम भूमिका निभाई है। ये बातें विकास खंड कार्यालय में पूर्व ब्लाक प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने ब्लाक सभागार में योग सप्ताह की शुरुआत करते हुए कही। इसके पहले श्री सिंह ने योग सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन किया। खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने सभी को योग की सपथ दिलाई। शपथ में सभी ने संकल्प व्यक्त किया कि मैं स्वयं को एक स्वस्थ, शांतिप्रिय, आनंदपूर्ण एवं प्रेमपूर्ण मानव बनाने का संकल्प लेता हूं। मैं अपने अहं को समाप्त करने का प्रयत्न करूंगा व पूरे विश्व को अपने में समाहित करने की कोशिश करूंगा। इस मौके पर गायत्री और मनोरमा ने सभी को आसन का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नन्द कुमार सिंह, रिंकू सिंह, हरेराम, अशोक कुमार सोनकर, चंद्रप्रकाश, सुधाकर सिंह, हरिकेश, रोहित कुमार, बृजेश कुमार, सर्वेश कुमार, उमेश आदि उपस्थित रहे।

### नपं अध्यक्ष और ब्लाक प्रमुख ने योग के बताए लाभ


शिविर में योगाभ्यास करते नगर पंचायत अध्यक्ष पं. बृजेश दत्त गौड़ व अन्य।

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** रविवार को डलमऊ ब्लॉक परिसर में 15 जून से 21 जून तक लगातार योग दिवस मनाए जाने के लिए योग शिविर का शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ और ब्लॉक प्रमुख शिवराम रावत ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित किया। योग दिवस के बारे में योगाचार्य आनंद गुप्ता द्वारा आए हुए सभी लोगों को योग से लाभ और हानि के बारे में अवगत कराते हुए योगाभ्यास कराया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि योग करने से शरीर निरोग रहता है। सभी लोग योग करें। इस मौके पर समाजसेवी महेंद्र पटेल, प्रमोद सोनकर, डलमऊ प्रधान प्रतिनिधि आलोक यादव, कुलदीप श्रीवास्तव, दिनेश चंद्र, हरिओम पाल, सुरेंद्र प्रसाद, शैलेंद्र कुमार, श्याम शंकर, उत्तम लाल, अमरेंद्र मौर्य, चंद्रनाथ, राजन, निशा, हेमलता, आशा राम, सजीवन पाल, स्वयंवर सिंह, राजेंद्र, शिवकांत आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मारपीट के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार : मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम नेवादा सेढ़ा निवासी युवक को गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने वाले आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित माया प्रकाश पुत्र श्रीकृष्ण के अनुसार गांव निवासी विपक्षी मिथलेश पुत्र टीकाराम आए दिन उसे गाली गलौज कर मारपीट करने के लिए अमादा हो जाता है। 12 जून की शाम को आरोपी ने जान से मार डालने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पत्रकार संघ की बैठक में ब्लॉक कार्यकारणी का गठन

संवाददाता, सुरसा, हरदोई, अमृत विचार : रविवार को हरदोई पत्रकार एसोसिएशन की ब्लॉक इकाई की बैठक सुरसा में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सुरसा ब्लॉक अध्यक्ष कमलेन्द्र सिंह ने की। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा नई ब्लॉक कार्यकारणी की घोषणा की गई। नवगठित कार्यकारणी में जगदीश प्रसाद को महामन्त्री, रामचन्द्र सक्सेना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पुरुषोत्तम सिंह को उपाध्यक्ष, रोहित सिंह को उपाध्यक्ष, पृथ्वीराज राठौर को मीडिया प्रभारी, दुर्गेश तिवारी को मंत्री, अमर प्रताप सिंह को संगठन मंत्री, दीपांशु चतुर्वेदी को कोषाध्यक्ष, देवेंद्र सिंह, जीतेन्द्र कुशवाहा, प्रेम यादव और मंदीप सिंह को सदस्य बनाया गया।

### युवक को घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौक में एक युवक को लोहे की राड से हमला कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। 14 जून को प्रमोद कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना काँट जनपद शाहजहांपुर द्वारा थाना शाहाबाद पर तहरीर दी गई कि राघव पुत्र गुन्जन निवासी मोहल्ला बाजार शम्भा द्वारा मोहल्ला चौक में उसके साथ गाली-गलौज की गयी तथा लोहे की रॉड से वार कर घायल किया गया।

### दुकान का दरवाजा तोड़कर चोरी

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार : बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम सुर्जीपुर में 12/13 जून की रात पीड़ित अमित सिंह उर्फ जोरदार के टेंट की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए सामान चोरी कर लिया। पीड़ित की लिखित सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक बेहटा गोकुल पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

### पुलिस की पकड़ में आया बाइकर्स गैंग, 4 को दबोचा

हरदोई, अमृत विचार : शाहाबाद पुलिस ने बाइकर्स गैंग का खुलासा करते हुए 4 ऐसे शातिरों को दबोचा है, जो खुद बाइक पर सवार हो कर दूसरे बाइक सवार से मोबाइल और कैश छीन कर भाग निकलते थे, पुलिस ने उन चारों के पास से छीने गए 25 हज़ार कैश के अलावा बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किए है। पुलिस मझिला थाने के रतनापुर के रहने वाले उन शातिरों की कुंडली खंगाल रही है। रविवार को एसएचओ शाहाबाद ब्रजेश कुमार राय के साथ एसआई अमित सिंह, एसआई लाखन सिह व एसआई रमेश कुमार की टीम ने रविवार को मझिला थाने के रतनापुर निवासी आकाश, धीरू उर्फ अतर सिंह, रोहित व उसी गांव का शिवम को पकड़ कर उनके कब्ज़े से रास्ता चलते छीने गए 25 हज़ार कैश, मोबाइल के अलावा तमंचे व कारतूस बरामद किए है। पुलिस की पकड़ में आने कै बाद चारों शातिरों ने वारदात करना कुबूल किया।

# आकाशीय बिजली गिरने से किसान की हुई मौत

## मक्के की फसल की रखवाली के दौरान हुआ हादसा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचारः खेत पर मक्का की रखवाली कर रहा किसान देर रात में अचानक बारिश होने पर उससे बचाव करते हुए जैसे ही खेत से घर की तरफ बढ़ा, उसी बीच आसमान में कड़क रही बिजली उसके ऊपर गिर पड़ी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई, उधर देर होने पर घर वाले ढूंढने के लिए खेत की तरफ बढ़े, वहीं रास्तें में उसका शव पड़ा देख स्तंब्ध हो गये। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। अरवल थाने के दहेलिया मजरा बूचामऊ


जितेंद्र की फाइल फोटो।

निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र पुत्र जय सिंह पेशे से किसान था, गांव के दक्षिण उसके खेत में मक्का की फसल लगी थी, जिसकी रखवाली के लिए वह रात में खेत पर ही रुकता था। शनिवार को खाना-पीना करने के बाद वह खेत पर चला गया, देर रात करीब दोसे ढ़ाई बजे के बीच आसमान में बिजली कड़कने के साथ बारिश होने लगी। जितेंद्र के बड़े भाई महेंद्र ने बताया कि वह बारिश से बचाव करते हुऐ घर पहुंच रहा था, उसी बीच खेत की मेढ़ पर पहुंचते ही उस पर बिजली गिर पड़ी और वहीं पर मौत हो गई। इधर रविवार की सुबह जब जितेंद्र घर नहीं पहुंचा तो घर वाले उसे ढूंढते हुए खेत की तरफ पहुंचें, जहां उसका जला हुआ शव पड़ा था। आकाशीय बिजली से मौत होने की खबर सुनते ही नायब तहसीलदार अपनी राजस्व टीम के साथ पहुंचे और जांच-पड़ताल की। जितेंद्र के परिवार मैं उसकी पत्नी शशि के अलावा 4 बेटे और 3 बेटियां है। तीन भाइयों में जितेंद्र से बड़ा महेंद्र और उससे छोटा भाई शैलेंद्र है।

### अधेड़ महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरदोई, अमृत विचारः एक 50 वर्षीय अधेड़ महिला की तबियत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वहां के डाक्टर सस्पेक्ट प्वाज़न बता रहे है, जबकि घर वालों का कहना है कि ब्लड प्रेशर बढ़ने से हालत बिगड़ी, पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि सुरसा थाने के बहरैय्या निवासी गुरुबक्श की 50 वर्षीय पत्नी गीता की अचानक तबियत बिगड़ गई। घर वालों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। डाक्टरों का कहना है कि सस्पेक्ट प्वाज़न से मौत हुई, जबकि घर वाले ब्लड प्रेशर बढ़ने से मौत होना बता रहें है। कोतवाली शहर पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। गीता के परिवार में दो बेटे और पांच बेटियां है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खाना बनाने में देरी पर मां की डांट से नाराज बेटी ने की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचारः दोपहर का खाना बनाने में देरी होने पर मां की डांट से खफा हुई उसकी बेटी ने घर में रखी सल्फास की गोली निगल ली, उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि हरियावां सुमई निवासी लाल बहादुर की 16 वर्षीय पुत्री मोनी ने रविवार की दोपहर गेंहू में रखने के लिए खरीदी गई सल्फास की गोली निगल ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। घर वाले पहले उसे सीएचसी हरियावां ले गए, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया, जहां कुछ देर इलाज होने के दौरान उसकी मौत हो गई। इस बारे में बताया गया है कि बड़ी बहन की शादी के बाद मोनी के ऊपर घर की ज़िम्मेदारी आ गई थी, रविवार की दोपहर खाना बनाने में देरी होने पर मां ने उसे डांट दिया, उसी से खफा हो कर मोनी ने ऐसा कदम उठाया।

### कीटनाशक पीकर युवक ने की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचारः खेती छोड़ कर हिमाचल प्रदेश में नौकरी के दौरान छुट्टी पर गांव आए युवक ने कीटनाशक पी लिया, हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस तरह आत्महत्या करने की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया और पूरे मामले की जांच कर रही है। राजपाल के परिवार में पत्नी पिंकी देवी के अलावा तीन बेटे व एक बेटी है। बताया गया है कि हरियावां थाने के गुलहरिया गांव निवासी राजपाल पुत्र मदनपाल पहले खेती-बाड़ी करता था, लेकिन बाद में हिमाचल प्रदेश जा कर वहां निजी कंपनी में नौकरी करने लगा। कुछ दिनों पहले छुट्टी पर गांव आया हुआ था।

### कच्ची शराब पीने से रि. रेलवे कर्मी की मौत

हरदोई, अमृत विचारः गांव में बेची जा रही कच्ची शराब पीने से सेवानिवृत रेलवे कर्मी की तबियत बिगड़ने लगी। घर वाले नशा समझ कर उसे नहलाने लगे, फिर भी कोई असर नहीं हुआ, उसके बाद उसे 100 बेड हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि बघौली थाने के जब्बार खेड़ा मजरा विक्टोरिया गंज निवासी 65 वर्षीय सुंदर लाल तकरीबन पांच साल पहले रेलवे से सेवानिवृत हो चुका था। शनिवार की शाम को सुंदर लाल घर से बाहर था, वहीं उसने शराब पी, घर पहुंचने पर हालत बिगड़ गई। पहले तो घर वाले नशा होने की बात समझ कर उसे नहलाने-धुलाने लगे, लेकिन फिर भी हालत पहले जैसी ही रही, इलाज के लिए 100 बेड हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सुंदर लाल के परिवार में दो बेटे और एक बेटी है, उन सभी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए दो युवक, रेफर

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र में जामुन तोड़ने के दौरान दो युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। घटना जरौली नेवादा मार्ग स्थित देवधाम मंदिर के पास की है।हादसे में भोगैतापुर निवासी राजीव (33) और बेहटा बुजुर्ग के रहने वाले अंकुल (32) झुलस गए। दोनों को पहले सीएचसी बिलग्राम ले जाया गया। चिकित्सकों ने हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही से यह हादसा हुआ। उनका कहना है कि पेड़ के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। हालांकि, अवर अभियंता संतोष कुमार का कहना है कि दोनों युवक लग्गी से जामुन तोड़ रहे थे। इस दौरान वे करंट की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर कोई तार टूटा नहीं है, इसलिए विभाग की कोई लापरवाही नहीं है।

# नीट में यशराज व वैष्णवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढ़ाया जिले का मान

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : नीट परीक्षा में जिले के यशराज पांडेय व वैष्णवी रस्तोगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। सेंट जेवियर्स पिहानी की छात्रा वैष्णवी ने 99.73 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आल इंडिया रैंक 5586 रही। वैष्णवी की इस कामयाबी पर विद्यालय के चेयरमैन नरायन चटर्जी, प्रबंधक


वैष्णवी रस्तोगी।


यशराज पांडेय।

राकेश पाल, बोर्ड आफ डायरेक्टर रीतेश पाल, प्रधानाचार्य मनीष श्रीवास्तव, मौसमी चटर्जी ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेंट जेवियर्स के दो छात्रों ने जेईई एडवांस में भी बाजी मार कर जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया था। इसी प्रकार नगर के विभूती नगर मोहल्ला निवासी यशराज पाण्डेय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम गर्व से ऊंचा किया है। यशराज ने परीक्षा में 99.1 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इनकी आल इण्डिया रैंक 14575 है।

# अरवल पुलिस के हत्थे चढ़ा कन्नौज का ऑटो चोर, अंगूठी व चैन बरामद

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचारः पुलिस ने कन्नौज के उस शातिर चोर को पकड़ा है जो बड़ी आसानी से आटो चोरी कर किनारे हो जाता था। रविवार को अरवल पुलिस टीम ने सटीक मुखबिरी पर उसे दबोच लिया और चोरी के आटो के साथ उसमें रखी सोने की अगूंठी और चैन भी बरामद की है, पूछताछ में उसने चौसार बाज़ार से भी आटो चोरी करना कुबूल किया है। बताते चलें कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एसपी नीरज कुमार जादौन बराबर नज़र बनाए हुए है, उनकी गाइडलाइन पर चलते हुए अरवल थाने में तैनात एसआई अनुराग सिंह, हेड कांस्टेबिल वीर न सिंह, कांस्टेबिल शिवशंकर, रमेश पाल और कांस्टेबिल डिगमोहन की टीम ने रविवार को कन्नौज ज़िले के अल्लापुर निवासी रत्नेश उर्फ गोलू पुत्र सर्वेश को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से 26 अप्रैल को अरवल थाने के श्रीमऊ से चोरी किया आटो और उसमें रखी सोने की अगूंठी व चैन बरामद की है। रत्नेश उर्फ गोलू ने पूछताछ में बताया कि उसने 4 जून को अरवल थाने के चौसार बाज़ार से भी आटो चोरी किया था।

# हरि नाम से होता है मानव शरीर का कल्याण

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम मुर्चा में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने आचार्य वाल व्यास पंडित देवेश शुक्ला ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। प्रभु श्री कृष्ण जन्म की कथा को श्रवण कर भक्त भाव विभोर हुए।

आचार्य ब्ज्ञल् व्यास पंडित श्री शुक्ला ने कहा हरि नाम से ही मानव जीवन का कल्याण होता। कथा व्यास श्री शुक्ला ने बताया कि भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है।

कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में मानस पुण्य तो सिद्ध होते हैं, परंतु


व्यास पंडित देवेश शुक्ला।

मानस पाप नहीं होते। कलयुग में हरी नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है। कलयुग में ईश्वर का नाम ही काफी है सच्चे हृदय से हरि नाम के सुमिरन मात्र से कल्याण संभव है। इसके लिए कठिन तपस्या और यज्ञ आदि करने की आवश्यकता नहीं है। जबकि सतयुग, द्वापर और त्रेता युग में ऐसा नहीं था। भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया।

कंस का आमंत्रण मिलने के बाद भगवान श्री कृष्ण बड़े भाई बलराम के साथ मथुरा को प्रस्थान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा के दौरान कथा पंडाल में उपस्थित परिक्षित वीरपाल सिंह फौजी, कृष्ण पाल सिंह, डॉ भानुप्रताप सिंह एवं सैकड़ों की संख्या में श्रोता भक्त जन मौजूद रहे।

### भतीजे के साथ गए चाचा का पेड़ के नीचे दबा मिला शव

कोथावां, हरदोई, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसपुर गांव में खून का रिश्ता एक बार फिर शर्मसार होता दिखाई दिया, जहां रिश्ते की चाची ने भतीजे पर चाचा को मारने की आशंका जताई है। बताते चलें कि मनकुन्नी पत्नी नन्दलाल निवासी ग्राम परसपुर मजरा मझिगवां ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बीते शनिवार की सुबह उनके पति घर के बाहर सो रहे थे, तभी हमारा भतीजा हरिओम पुत्र लालता हमारे पति को जगाकर कहीं ले गया, काफी देर होने के बाद जब उसके पति वापस नहीं आए तो खोजबीन शुरू की तो गांव के बाहर भैनू के खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ के नीचे उनके पति दबे मिले, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी, अपने पति नन्दलाल का शव घर लेकर आई और मेरे मना करने के बावजूद भतीजे हरिओम व विनोद पुत्रगण लालता व जेठ लालता पुत्र स्वर्गीय रामभरोसे ने उसके पति का अंतिम संस्कार कर दिया।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स की ताइक्वांडो विजेता श्रेष्ठी अवस्थी हुई सम्मानित

संवाददाता, कछौना, हरदोई

अमृत विचारः सण्डीला के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बहुती कलां में रिपल्स ऑफ होप फाउंडेशन ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की ताइक्वांडो विजेता श्रेष्ठी अवस्थी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्रेष्ठी को 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता विवेक द्विवेदी ने कहा कि श्रेष्ठी ने छात्राओं को शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। श्रेष्ठी की सफलता को एक आदर्श उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। इससे ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिए आत्मविश्वास का संचार हुआ है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि शिव


श्रेष्ठी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

प्रकाश त्रिपाठी, डीसी स्काउट गाइड अवधेश नारायण त्रिपाठी, प्रधानाचार्या चित्रा सोनकर व राजेश्वरी के अलावा तमाम छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# आत्मरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता की हुईं तैयारियां

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचारः शहर में मंगलीपुरवा स्थित छोटेलाल पब्लिक स्कूल में आयोजित 15 दिवसीय महिला सशक्तिकरण शिविर का 11 वां दिन रविवार को विविध गतिविधियों और विशेष प्रशिक्षण सत्रों के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों को आत्मरक्षा, कला, सौंदर्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिए गए। इस बीच प्रमुख गतिविधियों में मार्शल आर्ट सत्र में प्रशिक्षक अनुराग ने ननचाकू के उपयोग का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि यह मिक्स मार्शल आर्ट का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हाथ की कलाई को मज़बूत करता है


शिविर में बालिकाओं को फिटिंग के बारे में जानकारी देतीं प्रशिक्षक।

और आत्मरक्षा के लिए बहुत ही उपयोगी है। ननचाकू को आमतौर पर एक हाथ से चलाया जाता है, लेकिन इसे दोनों हाथों से भी चलाया जा सकता है। उसे कुंद बल के रूप में प्रयोग करते हुए इसके कठोर हैंडल को घुमाया जा सकता है और प्रतिद्वंद्वी को निहत्था करने के लिए इसकी चेन को हथियार के चारों ओर लपेटा जा सकता है। सिलाई सत्र में प्रशिक्षिका नैन्सी गुप्ता ने ब्लाउज की कटिंग एवं सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने गर्दन की शेप, आस्तीन और फिटिंग के व्यावहारिक पहलुओं को विस्तार से समझाया। ब्यूटी पार्लर सत्र में संध्या श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को फेशियल और ब्लीच करना सिखाया।

### स्वास्थ्य जागरुकता सत्र आज

हरदोई, अमृत विचार : फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार के सत्र में बच्चों को एचआईवी एवं टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में विशेषज्ञ बृजेश कुमार मिश्रा, उपदेश कुमार सिंह एवं प्रहलाद सिंह गौर बच्चों को इन बीमारियों के लक्षण, रोकथाम व उपचार के बारे में जानकारी देंगें।

कैंप

रेडक्रॉस सोसाइटी के नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में हुई जांच एवं परामर्श

# 87 मरीजों की हुई नि :शुल्क जांचें व दिए गए परामर्श

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचारः मानवीय सेवा क्षेत्र में अग्रणी संस्था इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी का अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ के चिकित्सकों की ओर से आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 87 मरीजों की जांच एवं परामर्श दिया।

रेडक्रास के उपसभापति अखिलेश सिंह सिकरवार, सचिव सुनील सिंह सोमवंशी, महेश चंद्रा, अभिषेक गुप्ता, शिव प्रकाश त्रिवेदी, अखिलेश गुप्ता, कार्यालय प्रभारी एस के दीक्षित, लक्ष्मी कांत मिश्रा, वॉलंटियर अशोक कुमार, प्रतीक्षा



चिकित्सा शिविर में मरीजों को परामर्श देते चिकित्सक। अमृत विचार

सिंह, नवल किशोर द्विवेदी, कंप्यूटर ऑपरेटर पूर्णिमा श्रीवास्तव, वीरेश श्रीवास्तव वीरू, चालक फरीद ने पुष्प गुच्छ देकर चिकित्सकों व स्टाफ का स्वागत किया। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति डॉ. रमेश अग्रवाल के परामर्श में अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ के चिकित्सकों द्वारा रेडक्रॉस भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों ने चिकित्सा एवं परामर्श का लाभ उठाया। उसमें कार्डियोलॉजिस्ट, फिजिशियन, फिजियोथैरेपिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, चिकित्सको द्वारा जांच एवं परामर्श दिया गया।

शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, यूरिन टेस्ट आदि की निःशुल्क जांचें की गई।अपोलो हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. प्रियेश कांत कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. एम एस आलम फिजिशियन, डॉ. अंशुल ओमर फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ शशिकांत गुप्ता यूरोलॉजिस्ट, रूपम नर्सिंग, सरबजीत नर्सिंग, अमित श्रीवास्तव मैनेजर ने आए हुए मरीजों की जांच एवं परामर्श दिया। इस मौके पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in

ADMISSIONS NOW!

